RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

# नवयतम

खबरें सड़क से संसद तक

## कई सवालों के जवाब देगा नया साल, 2026 में राजनीतिक मोर्चे पर काफी कुछ दांव पर लगा है

देश के राजनीतिक परिदृश्य को निर्धारित करने के दृष्टिकोण से अगला वर्ष बहुत महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। अगले वर्ष बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें सभी दलों का कुछ न कुछ दांव पर लगा हुआ है। सबसे धनाढ्य नगर निकाय बृहनमुंबई नगर निगम यानी बीएमसी के चुनाव भी होने हैं। कुछ राज्यसभा की रिक्त हो रही सीटों पर चुनाव की स्थिति में भी दलों के बीच खींचतान होती हुई दिख सकती है। अगला साल कई राजनीतिक पहेलियां भी सुलझाएगा। जैसे कि क्या देश भर में बड़े पैमाने पर विस्तार कर चुकी भाजपा अपने लिए राजनीतिक रूप से अनुर्वर साबित हो रहे प्रदेशों में भी अनुकूल स्थितियां बनाकर पैठ बढ़ा पाएगी या नहीं? भारत जोड़ो यात्रा के बाद पटरी पर आई कांग्रेस की जो गाड़ी फिर से बेपटरी हुई, क्या वह वापस पटरी पर आ पाएगी या नहीं? क्या अस्तित्व के संकट से जूझ रहे वामदल अपनी सत्ता के आखिरी दुर्ग को बचा पाएंगे या नहीं? क्षेत्रीय दल किस नियति को प्राप्त होंगे? भाजपा की चर्चा की जाए तो विधानसभा चुनाव इसकी पुष्टि करेंगे कि नए क्षेत्रों में पैठ बनाने के उसके प्रयासों को कितनी सफलता मिलेगी? जिन राज्यों में चुनाव होना है, वहां केवल असम में ही उसकी सरकार है और पुडुचेरी में उसके समर्थन वाली सरकार सत्तारूढ़ है। दस साल से असम की सत्ता पर काबिज भाजपा के लिए फिर से सत्ता में वापसी की ठीकठाक संभावनाएं तो दिख रही हैं, लेकिन यह तय है कि उसे इस बार गौरव गोगोई के नेतृत्व वाली कांग्रेस से कड़ी चुनौती मिल रही है। अगर कांग्रेस ने राजनीतिक कौशल दिखाया तो भाजपा के समीकरण गड़बड़ा भी सकते हैं। बंगाल में तमाम प्रयासों के बावजूद पार्टी दूसरे क्रम पर ही अटकी हुई है। ममता बनर्जी ने राज्य की सत्ता पर जिस मजबूती के साथ पकड़ बनाई हुई है, उससे भाजपा के लिए राह बिल्कुल आसान नहीं होने वाली। हालांकि बिहार की जीत से उत्साहित भाजपा नई ऊर्जा के साथ बंगाल के रण में उतरने की तैयारी कर रही है। एक रणनीति के तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा भी उसने जोर-शोर से उठाना शुरू कर दिया है।

दक्षिण में केरल और तमिलनाडु भाजपा के लिए दूर की कौड़ी बने हुए हैं। लोकसभा की 39 सीटों वाले तमिलनाडु में भरसक कोशिशों के बावजूद पिछले लोकसभा चुनाव में उसका खाता भी नहीं खुला था। ऐसे में वह यहां गठबंधन सहयोगियों के ही भरोसे है। केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा फिलहाल तीसरा ध्रुव बनने पर ही ध्यान टिकाए हुए है। तिरुअनंतपुरम के निकाय चुनाव में जीत से उसे थोड़ी ही सही, लेकिन ताकत और हौसला जरूर मिला है। ऐसे में देखना यही होगा कि विधानसभा चुनावों में पार्टी कितनी मजबूती से अपनी चुनौती पेश करती है? कांग्रेस के लिए अगला साल कम चुनौतीपूर्ण नहीं होने वाला। असम में वापसी की आस लगाए बैठी कांग्रेस बंगाल में तो लगभग हाशिए पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में वह द्रमुक की पिछलग्गू बनकर रह गई है। पार्टी की वास्तविक उम्मीदें केरल से जुड़ी हुई हैं, जहां वह वाम दलों के मोर्चे से सत्ता झटकने की व्यूह रचना बनाने में जुटी है।

# 2026

## भारत सहित दुनियाभर में 2026 का आगाज

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बीच जश्न; चीन-जापान और सिंगापुर में आतिशबाजी, ऑस्ट्रेलिया में नदी किनारे लाखों लोग जुटे



**नई दिल्ली।**

भारत सहित दुनियाभर में साल 2026 का आगाज हो चुका है। दिल्ली में देर रात सैकड़ों की संख्या में लोग इंडिया गेट पर इकट्ठा हुए और काउंटडाउन के साथ 12 बजते ही नए साल का जश्न मनाया। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बीच लोगों ने 2026 का स्वागत किया। न्यूजीलैंड 2026 में सबसे पहले एंट्री करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल रहा। यहां ऑकलैंड स्थित 240 मीटर ऊंचे स्काई टावर में 12 बजते ही करीब 3,500 पटाखे छोड़े गए। स्काई टावर न्यूजीलैंड की सबसे ऊंची बिल्डिंग है। दुनिया के सबसे पूर्वी हिस्से में स्थित होने के कारण, न्यूजीलैंड में सबसे पहले नया साल शुरू होता है। जापान, चीन और सिंगापुर में आतिशबाजी के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया गया। साउथ कोरिया में एक बड़ी घंटी बजाकर नए साल के आगाज का ऐलान किया गया। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर में पारंपरिक आतिशबाजी देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे। वहीं, मेलबर्न के आसमान में 7 मिनट तक हुई आतिशबाजी ने शहर को रोशनी से भर दिया। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 29 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत करते हैं।



*Happy New Year*

## नए साल पर मोतीडूंगरी गणेश जी पहनेंगे सोने का मुकुट

नए साल पर जयपुर के प्रसिद्ध मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक आयोजन किया गया है। नववर्ष के मौके पर गणेशजी सोने का मुकुट धारण करेंगे और भक्तों को विशेष श्रृंगार के साथ दर्शन होंगे। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने बताया -इस बार मंदिर में 56 भोग की परंपरा को नए रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जहां 56 तरह के लड्डूओं का विशेष भोग लगाया जाएगा। पारंपरिक आस्था के साथ स्वाद और परंपरा का यह संगम श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने बताया- यह पहली बार है जब 56 भोग की जगह 56 तरह के लड्डूओं का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।



## खाटू श्याम में भक्तों की भीड़

### नए साल पर 72 घंटे खुले रहेंगे बाबा के पट, वीआईपी दर्शन पर रोक



नए साल का जश्न मनाने के लिए लोग सिर्फ हिल स्टेशंस या क्लबों का रुख नहीं कर रहे, बल्कि भक्ति के रंग में सराबोर होने के लिए देश के बड़े तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है. अयोध्या, बनारस और मथुरा की तरह ही राजस्थान के सीकर में स्थित बाबा खाटू श्याम के दरबार में भी भक्तों का भारी हुजूम दिखाई दे रहा है. हर दिन एक लाख से ज्यादा भक्त बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं. भीड़ इतनी ज्यादा है कि मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सहूलियत के लिए नए साल के मौके पर यानी 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक मंदिर के पट पूरे 24 घंटे खुले रखने का फैसला किया है. यानी इन 72 घंटों में भक्त कभी भी बाबा श्याम का दीदार कर सकेंगे.

## जयपुर में जगमगाए 1.25 लाख दीये

### होटल-रिसॉर्ट्स में डीजे पर डांस कर रहे युवा

**जयपुर।**

राजस्थान में लोग नए साल का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। जैसलमेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर सहित तमाम शहरों में न्यू ईयर पार्टी शुरू हो गई हैं। डीजे पर युवा डांस कर रहे हैं। खाटूश्याम मंदिर (सीकर), श्रीनाथ मंदिर (नाथद्वारा) समेत प्रदेश के ज्यादातर मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगीं।

जयपुर में राजस्थान यूनिवर्सिटी के गेट के बाहर दूध वितरित करके नए साल का वेलकम किया गया। उदयपुर में 3 हजार फीट ऊंचाई पर सज्जनगढ़ के मानसून पैलेस पर साल 2025 का आखिरी सनसेट (सूर्यास्त) देखने टूरिस्ट पहुंचे। पति कुणाल खेमू के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट करने उदयपुर आईं एक्ट्रेस सोहा अली खान ने चूल्हे पर रोटी बनाई। नए साल का जश्न मनाने के लिए राजस्थान में 5 लाख से ज्यादा टूरिस्ट पहुंचे हैं। होटल, रिसॉर्ट, क्लब और टूरिस्ट स्पॉट्स पर रौनक है। होटलों में मेहमानों के लिए खास फूड अरेंजमेंट किए गए हैं। जैसलमेर में पर्यटकों की आवाजाही के बीच सुरक्षा इंतजाम चाक-चौबंद कर दिए गए हैं। नाके लगाकर गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सात्यूं गांव में हिंदू समाज को एक सूत्र में बाँधने, संस्कार एवं संस्कृति के संरक्षण तथा सामाजिक जागरण के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजन एवं संचालन समिति के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर भोजराज दाधीच, नरेंद्र भाटी एवं जयप्रकाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों के साथ संवाद करते हुए सम्मेलन के उद्देश्यों, स्वरूप एवं व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 1 फरवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मेलन हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सम्मेलन को भव्य, अनुशासित एवं विशाल जनसहभागिता के साथ संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया है। विशेष रूप से सम्मेलन में मातृशक्ति की गरिमामयी सहभागिता को केंद्र में रखते हुए आयोजन को प्रभावशाली बनाने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका सर्वोपरि है और उनकी सक्रिय भागीदारी से सम्मेलन को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलेगी। ग्रामवासियों ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में आयोजन समिति के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा आगामी दिनों में प्रचार-प्रसार एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। यह सम्मेलन क्षेत्र में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और हिंदू समाज की एकजुटता का एक सशक्त मंच बनेगा, ऐसी आशा व्यक्त की गई।

## पन्द्रह लाख की ड्रग्स के साथ विदेशी नागरिक सहित पांच गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार करते हुए पन्द्रह लाख रुपये की अवैध मादक पदार्थ जब्त कर एक विदेशी नागरिक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्मैक, एमडी ड्रग्स, कोकीन, नशीली गोलियां और एक कार बरामद की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने बगरू, शिवदासपुरा और कानोता थाना इलाके में संयुक्त कार्रवाई करते हुए दिल्ली से जयपुर आ रहे विदेशी नागरिक ऑगस्टीन एग्बो निवासी एनुगू नाइजीरिया हाल फरीदाबाद हरियाणा, संगीता सांसी उर्फ मोगली निवासी रामगंज जिला अजमेर, अब्दुल गफ्फार खान निवासी माधोराजपुरा जयपुर, आरिफ मोहम्मद निवासी माधोराजपुरा जयपुर ग्रामीण और विजय सोलंकी निवासी माधोराजपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 179.09 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, 12.26 ग्राम एमडी ड्रग्स (क्रिस्टल), 27.17 ग्राम कोकीन, 81 मिलीग्राम (2 टैबलेट) नशीली गोलियां सहित एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि नाइजीरियन नागरिक के पास से वैध पासपोर्ट व वीजा नहीं मिला है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ऑपरेशंस राहुल प्रकाश के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह के सुपरविजन में तीनों थाना क्षेत्रों में अलग-अलग की गई है।

## 62 व्यक्तियों ने आरएलपी पार्टी का दामन थामा



**राजलदेसर ( नवययत्न )।** राजलदेसर के वार्ड नंबर 20 नया इमामबाड़ा में मंगलवार देर शाम को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की बैठक आयोजित की गई । बैठक में आरएलपी के युवा नेता रतनलाल बिजानिया, विजयपाल कड़वासरा, सीताराम विशु, किशन सोनी रामकुमार नाई के नेतृत्व 62 व्यक्तियों ने पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर आरएलपी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में शहजाद, नदीम, अब्दुल, आरिफ, सलीम, इकबाल बगड़, कालू बगड़, रमजान चौहान, फारूक बगड़, सलीम फिरोज, रमजान सहित दर्जनों व्यक्तियों ने आरएलपी पार्टी का दामन थामा। युवा नेता रतनलाल ने दावा किया कि आगामी दिनों में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी राजलदेसर में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरकर सामने आएगी। पहले लोगों के बीच में सिर्फ कांग्रेस और भाजपा ही विकल्प के रूप में स्थापित थे लेकिन आज की तारीख में लोगों का भरोसा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी पर मजबूत हो रहा है। पहले लोगों को सिर्फ कांग्रेस और भाजपा के बीच में से किसी एक का चयन करना होता था, लेकिन आज ऐसा नहीं है। आज प्रदेश की पूरी राजनीतिक स्थिति बदल रही है और इसका श्रेय हमारी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को जाता है, जो मौजूदा समय में पार्टी को ग्रासरूट पर मजबूत करने में पूरी प्रतिबद्धता से जुटी हुई है। जल्द ही गांव-गांव ढ़ाणी ढ़ाणी जाकर पार्टी का विस्तार करेंगे तथा अन्य शोषण भ्रष्टाचार के खिलाफमजबूती से लड़ाई लड़ेंगे । इस मौके पर इनको संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## हिस्ट्रीशीटर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लोसल ( नवयत्न )।** धोद पुलिस ने गणेशपुरा गांव की चार तलाई से 19 मुकदमों वाला हिस्ट्रीशीटर राजू भावरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से एक पिस्टल एवं 15 कारतूस बरामद किए हैं।

धोद पुलिस ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर राजू भावरिया अपने गांव गणेशपुरा की चार तलाई में घूम रहा जहां से उसे पकड़ लिया है। थानाधिकारी ने बताया कि तीस दिसंबर को वे शाम को गश्त पर थे तब सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर राजू भावरिया अपने गांव गणेशपुरा में हथियार सहित धूम रहा है।

# नीरजा मोदी स्कूल की सीबीएसई मान्यता रद्द होने पर पटाखे फोड़ मनाया जश्न

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नीरजा मोदी स्कूल, जयपुर के विरुद्ध केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यालय की संबद्धता तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने का आदेश प्रदेश के जागरूक अभिभावकों की एकजुटता, निरंतर संघर्ष और सत्य की ऐतिहासिक जीत है। यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि जब अभिभावक बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज उठाते हैं तो कितनी भी प्रभावशाली व्यवस्थाएं क्यों न हो, उन्हें जवाबदेह होना ही पड़ता है। सीबीएसई बोर्ड के जारी आदेश के बाद बुधवार को संयुक्त अभिभावक संघ के आह्वान पर बड़ी संख्या में अभिभावक नीरजा मोदी स्कूल के गेट पर एकत्र हुए। इस दौरान अभिभावकों ने पटाखे फोड़कर सीबीएसई के निर्णय का स्वागत किया तथा नन्ही अमायरा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर साल गया-बुराई गई, रावण का घमंड टूट सकता है, यह तो नीरजा मोदी है। अभिभावक एकजुटता जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए। इस कार्यक्रम में संयुक्त अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू, ऋषि बंसल, काउंसलर देवेंद्र जोशी, रिंकू शर्मा, इमरान कुरैशी, धीरज जैन, लोकेश शर्मा, रेखा शर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। संयुक्त अभिभावक संघ ने दावा किया कि सीबीएसई बोर्ड के समक्ष रखी गई सभी प्रमुख मांगों को बोर्ड ने अपने आदेश में शामिल किया है।

आदेश में विद्यालय की बाल सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी, एंटी-बुलिंग व्यवस्था की विफलता, काउंसलिंग सिस्टम की कमी, सीसीटीवी निगरानी में लापरवाही, स्टाफ की असंवेदनशीलता तथा साक्ष्य संरक्षण में चूक को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है। सीबीएसई बोर्ड ने यह भी माना है कि यदि विद्यालय प्रबंधन समय रहते आवश्यक कदम उठाता तो यह घटना पूरी तरह रोकी जा सकती थी। प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि यह निर्णय केवल एक स्कूल पर कार्रवाई नहीं है बल्कि पूरे प्रदेश के निजी स्कूलों के लिए एक सख्त




चेतावनी है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नीरजा मोदी स्कूल प्रकरण में अभिभावकों की पीड़ा को दबाने, सच को छुपाने और प्रभाव का दुरुपयोग करने के प्रयास किए गए लेकिन अंततः सत्य की जीत हुई। यह फैसला वर्षों से निजी स्कूलों की मनमानी झेल रहे अभिभावकों के लिए न्याय की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि संयुक्त अभिभावक संघ इस निर्णय को अभिभावक आंदोलन की निर्णायक सफलता मानता है और प्रदेश के प्रत्येक जिले में बाल सुरक्षा को लेकर सख्त निगरानी और कार्रवाई की मांग करेगा। संयुक्त अभिभावक संघ ने चेतावनी दी कि यदि इस आदेश के बाद भी प्रदेश में बाल सुरक्षा मानकों के साथ खिलवाड़ जारी रहा तो संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा।

## जागरण : गऊ मंगलम, गऊ मात मंगलम



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गौ माता के प्रति श्रद्धा और सम्मान को लेकर तथा नववर्ष के आगमन पर पं गणेशनारायण नेतभोमिया सुरभि गौशाला में मंगलवार रात्रि को जागरण हुआ। विजयपाल सिंह शेखावत ने बताया कि इस दौरान सूरदास व भगेरा की भजन मंडली ने गऊ मंगलम गऊ मात मंगलम जैसे गौ भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर अनिल स्वामी, आशीष बुगालिया, अभिषेक बुगालिया, पंकज सोनी, संजू मंडार, रवि शर्मा, विष्णु स्वामी, बुधराम, अंकित शेखावत, रोशन अली, भंवरसिंह आदि मौजूद रहे। बुधवार को बालाजी को भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया।

# जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने दिसंबर माह की स्कूल शिक्षा विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा आगामी शैक्षणिक सत्र की पूर्व तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को परीक्षा-केंद्रित अध्ययन कराने एवं अधिकतम अभ्यास कार्य करवाने पर विशेष जोर दिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने विद्यालयों के जर्जर भवनों को जमींदोज करते समय विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग तदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत सौंपे गए कार्यों का समय पर निष्पादन करने पर विभाग का आभार व्यक्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी



मुख्यालय माध्यमिक मुकेश कुमार जैमन ने समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को विद्यालय भवनों में सुरक्षा मापदण्डों एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्परीक्षा पे चर्चा वार्षिक संवाद कार्यक्रम में अधिकतम पंजीयन सुनिश्चित करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा किरण सैनी, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्रप्रकाश महर्षि, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक विक्रम सिंह शेखावत सहित समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर अपराधी के साथ फोटो वायरल मामले में एक गिरफ्तार

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपराधी की फोटो वायरल करने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर सोशल मीडिया पर अपराधियों को फोलो करने करने वालों पर विशेष नजर रखकर



कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अपराधी के साथ फोटो वायरल कर उसका महिमा मंडन किया जा रहा है। इस दौरान एक विशेष टीम गठित कर जेल से जमानत पर छुटे अपराधी के साथ फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर अपराधी का महिमामंडन करने पर गुलाब सिंह निवासी ढाणी बाढान को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी ने कृत्य न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला बल्कि युवाओं को भी अपराध की दुनिया की ओर आकर्षित कर उन्हें गलत संदेश दे रहा था। थानाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर ऐसी किसी भी गतिविधि से दूर रहें, जो अपराधियों या असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देती हो। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान किसी भी संदिग्ध सूचना को तुरंत पुलिस को अवगत करवाया जाए, पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राकेश कुमार, एचसी महिपाल सिंह, कांस्टेबल मनीष कुमार आदि शामिल थे।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवययत्न )।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपर्क पोर्टल एवं साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आमजन से प्राप्त परिवादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में कृषि विभाग द्वारा खाद एवं बीज की उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आगामी कृषि सीजन को देखते हुए पर्याप्त भंडारण, समय पर आपूर्ति एवं कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डॉ. गर्ग ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करन, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नियम तोड़ने वालों पर निगम का शिकंजा, चार अवैध निर्माण सीज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर ने बुधवार को किशनपोल जोन में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बिना अनुमति बनाए जा रहे चार अवैध निर्माणों को सीज किया। यह कार्रवाई किशनपोल जोन उपायुक्त विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में तथा राजस्व अधिकारी सुनील कुमार बैरवा के निर्देशन में की गई। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन कर बनाए गए भवनों और दुकानों को सीज किया गया। इस कार्रवाई के दौरान शास्त्री नगर क्षेत्र में टैगोर स्कूल के पास स्थित मकान नंबर ए-15 को बिना अनुमति जी+2 भवन निर्माण पाए जाने पर सीज किया गया। इसी प्रकार चांदपोल क्षेत्र के बगरू वालों के रास्ते पर स्थित मकान नंबर 950, जो अनुज शर्मा एवं अमित शर्मा का है, वहां जी+3 अवैध निर्माण मिलने पर भवन को सीज कर दिया गया। साथ ही चार दरवाजा क्षेत्र की जियाउद्दीन कॉलोनी में मकान नंबर 213 पर भी निगम ने कार्रवाई की। यहां मोहम्मद सद्दीक, मोहम्मद शाहिद खान एवं अन्य द्वारा उत्तर मुखी मकान में लगभग 60 गुणा 30 वर्ग फीट क्षेत्र में जी+2 अवैध निर्माण किया गया था, जिसे निगम ने सीज कर दिया।

इसके अलावा गोपीनाथ मार्ग पर लक्ष्मी इंडियन फाइनेंस के पास स्थित मकान नंबर-2 डीएफएल में पहले से बने जी-2 भवन के ऊपर व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। निगम की टीम ने इस अवैध व्यावसायिक निर्माण को भी सीज कर दिया। नगर निगम के राजस्व अधिकारी सुनील बैरवा ने कहा कि अवैध निर्माण के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार का निर्माण किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# मंदिरों में विशेष इंतजाम : देव दर्शन से होगा साल का आगाज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में नव वर्ष के पहले दिन यानी 1 जनवरी को जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। मान्यता है कि नए साल की शुरुआत देव दर्शन से करने से शुभता मिलती है। भक्तों की सुविधा को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने देवउठनी एकादशी जैसी दर्शन व्यवस्था की तैयारी की है। इसी तरह मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी जैसी व्यवस्था रहेगी। नई उम्मीद के साथ नए वर्ष 2026 का गुरुवार को आगाज होगा। नया साल सभी के जीवन में खुशियां लाए, हर दिल में उल्लास हो और पुराने दुख पीछे छूटे। इसी कामना के साथ जयपुरवासी आराध्य गोविंद देवजी, मोती डूंगरी गणेश मंदिर, ताड़केश्वर महादेव समेत विभिन्न मंदिरों में पहुंचेंगे और भगवान से मंगल कामना करेंगे। ऐसे में जयपुर के प्रमुख मंदिरों में देव दर्शन की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। गोविंद देवजी मंदिर के मुख्य सेवादार मानस गोस्वामी ने बताया कि 2026 के पहले दिन देवउठनी एकादशी और दीपावली की तर्ज पर दर्शन व्यवस्था लागू रहेगी। विभिन्न झांकियों के दर्शन समय में वृद्धि की गई है। नए वर्ष के पहले दिन ठाकुरजी लगभग 8 घंटे 45 मिनट तक भक्तों को दर्शन देंगे। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने पर प्रत्येक झांकी में 15 से 30 मिनट तक अतिरिक्त समय भी बढ़ाया जा सकता है। विशेष रूप से मंगला झांकी दो घंटे से अधिक समय तक रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शनार्थियों का प्रवेश केवल मंदिर के मुख्य द्वार से होगा। जय निवास बाग से प्रवेश पूरी तरह निषेध रहेगा। मंदिर परिसर में जूता-चप्पल खोलने की व्यवस्था नहीं होगी। दर्शन के बाद श्रद्धालु बड़ी परिक्रमा करते हुए मुख्य द्वार से बाहर निकलेंगे। कंवर नगर और ब्रह्मपुरी की ओर से आने वाले श्रद्धालु जय निवास उद्यान-जनता मार्केट मार्ग से प्रवेश कर दर्शन के बाद श्री चिंताहरण हनुमानजी की ओर से निकास कर सकेंगे।

### मोती डूंगरी में गणेश चतुर्थी जैसी व्यवस्था

मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान के दर्शन की पूरी व्यवस्था गणेश चतुर्थी की तरह रहेगी। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि यहां प्रवेश के लिए 7 लाइनें और निकासी के लिए 8 लाइनें रहेंगी। सुबह 5 बजे मंगला आरती से दर्शन शुरू होंगे और रात 9 बजे शयन आरती होगी। इस दौरान भगवान गणेश का विशेष और मनमोहक श्रृंगार, आकर्षक पोशाक और विभिन्न व्यंजनों का भोग भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### बालभोग के साथ खुलेंगे श्रीनहर के गणेशजी के पट

**1 जनवरी 2026 को ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित दाहिनी सूंड दक्षिण मुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में सुबह सवा 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक दर्शन होंगे। युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि बालभोग और नियमित आरती के साथ मंदिर खुलेगा। मंदिर महंत पं. जय शर्मा की ओर से गणपति को विशेष पोशाक और साफा धारण करवाकर पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश और देश की मंगल कामना के साथ श्रद्धालुओं को विघ्न निवारक और सुख-समृद्धि दायक रक्षा सूत्र भी वितरित किए जाएंगे।**

### अन्य प्रमुख मंदिरों में भी तैयारियां

**इनके अलावा नववर्ष के अवसर पर राधादामोदरजी मंदिर, गोपीनाथ मंदिर, इस्कॉन मंदिर, खोल के हनुमानजी और जगतपुरा स्थित कृष्ण बलराम मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात की माकूल व्यवस्था की जाएगी।**

## बगड़ क्रिकेट एकेडमी बनी विजेता




निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से आयोजित 39वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी में हुए फाइनल मैच में बगड़ एकेडमी झुंझुनू ने नारायणा क्रिकेट एकेडमी जयपुर को हराकर लगातार तीसरी बार ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने बताया कि नारायणा क्रिकेट एकेडमी जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते राजवीर सिंह राठौड़ के 62 रन और धीरज महर्षि के 52 रनों की आक्रामक पारियों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 193 रन बनाए। इसके जवाब में रोमांचक मैच में बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनू ने नवीन चौधरी के धुआंधार 85 रन की पारी की बदौलत 5 विकेट खोकर विजयी लक्ष्य अर्जित कर लिया। बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनू के नवीन चौधरी को 85 रन बनाने और 3 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर डीवाईएसपी इंसार अली ने कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत से ही खिलाड़ी अपने जीवन में सर्वोच्च लक्ष्य को हासिल कर सकता है। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने लगातार 39 साल से जालान ट्रॉफी के निरंतर आयोजन के लिए सोसायटी को साधुवाद दिया। डीसीए के संयुक्त सचिव जगदीश शर्मा ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को शानदार खेल के लिए बधाई दी। निदेशक रघुनंदन धरेंद्र और चंद्रप्रकाश कोका ने शाब्दिक स्वागत किया। अतिथियों का सोसायटी के कन्हैयालाल चौमाल, जसकरण गौड़, विष्णुदत्त धर्ड, दौलतराम पोद्दार, खींवाराम शर्मा, सचिन विरमानी, राकेश नायक, त्रिभुवन धरेंद्र, देवीसिंह पंवार, पवन सोलंकी, मो. इमरान, नसीर पठान ने माल्यार्पण से स्वागत किया। कार्यक्रम में विजेता बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनू को विजेता ट्रॉफी और 50 हजार रूपये, उप विजेता नारायणा क्रिकेट एकेडमी जयपुर को ट्रॉफी और 25 हजार रूपये तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शुभम शर्मा स्पार्टन क्लब रतनगढ़ को ट्रॉफी और 5 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। वरिष्ठ खिलाड़ी दीनदयाल सारस्वत चूरू का क्रिकेट के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए अभिनंदन किया गया। अंपायर सुरेन्द्र सिंह धायल, अमित शर्मा, स्कोरर दीपक स्वामी तथा सभी सहयोगियों को भी सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

## कार्यकर्ताओं की सुनवाई से संगठन और सरकार को मिलेगा बल : दक



निसं

जयपुर (नवयत्न)। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम दक ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की। मंत्री गौतम दक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता को सदैव प्राथमिकता दी जाती है। कार्यकर्ताओं के कार्यों को संगठन के माध्यम से सत्ता के मंत्री प्राथमिकता दे रहे है, इससे क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भी नई पहचान मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसी मंशा के साथ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई शुरू की है। इसके परिणाम भी अब आना शुरू हो गए है। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई में आने वाले परिवादों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की सुनवाई सरकार में होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यकर्ताओं की समस्याएं दूर होगी और उनके क्षेत्र की जन समस्याओं का समाधान होगा तो संगठन मजबूत होगा और संगठन मजबूत होगा तो सरकार भी सुदृढ़ बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की जा रही है, वहीं मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई पूर्व की भांति निरंतर सूचारू है। प्रदेश के आमजन कभी भी मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई में आ सकते है। प्रदेश कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है।

## पौषबड़ा महोत्सव आयोजित



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद रोड स्थित अष्टविनायक धाम में ट्रस्टी अन्नू अनिल अग्रवाल की ओर से पौषबड़े का आयेजन किया गया। हीरानाथ आश्रम के योगी जीतनाथ महाराज ने पौष बड़े महोत्सव किया। पंडित राम शर्मा ने अष्टविनायक धाम का श्रृंगार कर महा आरती की। गाजर हलवा, दाल पकोड़ी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाया। इस अवसर पर उमाशंकर शर्मा, अर्जुनलाल मिश्र, शम्भूदयाल इन्दोरिया, सत्यनाराण खैतान, प्रद्युम्न शर्मा, दीपक पराशर, जयप्रकाश खंडेलवाल, गोविंद स्वामी, सुनील सैनी, रामकल्याण मीना, सुरेश, भीम सिंह, चांद शेखावत उपस्थित रहे।

# नए साल में भी अधूरे वादे, कर्मचारियों में बढ़ता असंतोष : गजेंद्र सिंह राठौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में की गई बजट घोषणाओं के पूर्ण न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नए साल की शुरुआत के साथ ही कर्मचारियों को उम्मीद थी कि उनकी मांगें पूरी होंगी। लेकिन सरकार की अनदेखी के कारण प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। महासंघ ने सरकार के समक्ष पांच सूत्रीय मांगें प्रमुखता से रखी हैं। जिसमें प्रमुख मांग है कि खेमराज कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद भी अधिकांश संवर्गों की विसंगतियां दूर नहीं हुई हैं। संघ की मांग है कि राज्य सरकार



एक नई उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर अधीनस्थ, तकनीकी, मंत्रालयिक, वाहन चालक, कार्य प्रभारीत संवर्ग की वेतन विसंगतियों का स्थाई समाधान करे। आरजीएचएस योजना में हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों और संशोधनों को तुरंत वापस लिया जाए ताकि कर्मचारियों को पहले की तरह कैशलेस और सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। बोर्ड, निगम और कॉर्पोरेशन के कर्मचारियों को वर्ष 1989 के समझौते के आधार पर राज्य कर्मचारियों के समान ही वेतनमान और भत्ते दिए जाएं। विभिन्न विभागों में वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मियों को नवीन भर्तियों में बोनस अंक देने की अनिवार्यता लागू की जाए और साथ ही बजट घोषणा के अनुसार ठेका प्रथा को पूर्णत: समाप्त कर सरकारी एजेंसी के माध्यम से नियुक्तियां दी जाएं और न्यूनतम वेतन 18 हजार सुनिश्चित किया जाए। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इन न्यायोचित मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो महासंघ एकीकृत प्रदेश व्यापी बड़े आंदोलन की घोषणा नव वर्ष में 4 जनवरी को आयोजित महासमिति की बैठक में करेगा।

## आर्मी-डे परेड पर छह वर्ग किलोमीटर इलाका होगा सील

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में स्थित महल रोड पर 15 जनवरी 2026 को होने वाली आर्मी-डे परेड को लेकर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल से अक्षय पात्र तक फैले करीब 6 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को पूरी तरह से सील करने की तैयारी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए इस इलाके में रहने और काम करने वाले 55 हजार से अधिक लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन किया गया है। इसके लिए 300 पुलिसकर्मियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। सुरक्षा को तीन स्तरों में विभाजित किया गया है। बाहरी घेरा पुलिस और आरएसी संभालेगी, मध्य घेरा पैरामिलिट्री फोर्स के जिम्मे रहेगा, जबकि सबसे अंदरूनी सुरक्षा की कमान सीधे भारतीय सेना के हाथों में होगी। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से आर्मी डे परेड की नियमित रिहर्सल शुरू होगी। इसके मद्देनजर सुरक्षा का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। बाहरी सुरक्षा के लिए आरएसी की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। मध्य सुरक्षा घेरा पैरामिलिट्री फोर्स संभालेगी जबकि अंतिम और सबसे संवेदनशील घेरे की जिम्मेदारी सेना के पास रहेगी। एडिशनल कमिश्नर कानून व्यवस्था डॉ राजीव पचार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि कॉलोनी विकास समितियों, मॉल प्रबंधन और व्यापार संघों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए गए हैं। रिहर्सल के दौरान क्षेत्र में पतंग उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और पूरा इलाका नो-ड्रोन जोन घोषित किया गया है। नए किराएदारों, घरेलू सहायकों और दुकानों के कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य किया गया है। इस कार्य की मॉनिटरिंग एडिशनल डीसीपी आलोक सिंघल द्वारा किया जा रहा है। वहीं एसीपी सांगानेर हरिशंकर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीमें रोजाना फ्लैग मार्च निकाल कर माइक के जरिए लोगों को सुरक्षा नियमों के पालन और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### बिल्डिंग्स से कमांडो रखेंगे नजर

परेड रूट के आसपास स्थित सभी ऊंची इमारतों को विशेष निगरानी में रखा गया है। इन इमारतों पर लाल झंडे लगाकर मार्किंग की जाएगी। साथ ही छतों पर सेना के कमांडो तैनात रहेंगे। जो दूरबीन और स्नाइपर के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे।

## शिक्षा जीवन में राष्ट्र सेवा भी जरूरी : डॉ. सिखवाल

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवययत्न )।** कस्बे में स्थित श्री मनसा कन्या पीजी महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के समापन पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश भूपेश तथा विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डॉ. अनिता ओलखा व ग्राम विकास अधिकारी मीना जैफ रहे। महाविद्यालय सचिव डॉ. कमल सिखवाल के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई, महाविद्यालय निदेशक डॉ. ज्योत्सना सिखवाल द्वारा आगंतुकों का स्वागत किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. भावना शर्मा व महाविद्यालय प्रबंधक सुशील बिजारणियां के द्वारा महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों सम्मान किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।




निदेशक डॉ. ज्योत्स्ना सिखवाल के द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सचिव सिखवाल व मुख्य अतिथि भूपेश ने बताया कि शिक्षा के जीवन में ऐसे कार्यक्रमों का विशेष महत्व होता है ऐसी गतिविधियों का आयोजन होना जरूरी है, ताकि आगामी सदियों तक संस्कृति को जीवित रखा जा सके। मुख्य प्रवक्ता के रूप में डॉ अनिता ओलखा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन का साकार बनाने का माध्यम है जो लक्ष्यों को ऊँचाई देता है इसलिए समर्पित भाव से आगे बढ़ते रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रवक्ता सुरेश चौधरी, एनएसएस प्रभारी पवन वर्मा, विकास सैनी, राकेश सैनी, सुरेश खारड़िया, मूलचंद गुर्जर, गजेंद्र सैनी, मोतीलाल सैनी, सुमन सैनी, अनिता सैनी, सुमन मील, कविता सैनी सहित सैंकड़ो स्वयंसेविकाऐं मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन सुरेश चौधरी द्वारा किया गया।

## लोहिया बनी कांग्रेस जिला समन्वयक

**बीदासर ( नवयत्न )।** कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुभिता सींगड़ ने शीर्ष नेतृत्व की अनुशंसा पर पार्टी विचार धारा के प्रति समर्पण भाव को ध्यान में रखते हुए म न ी ष ा लोहिया को कांग्रेस राजीव ग ा ं ध ी पंचायती राज संगठन चूरू की महिला समन्वयक पद पर नियुक्ति प्रदान की है। प्रदेशाध्यक्ष ने नियुक्ति देने के बाद लोहिया को जिला कार्यकारिणी गठित करने सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने के निर्देश दिए है। वहीं लोहिया ने नई जिम्मेदारी मिलने पर संगठन प्रदेशाध्यक्ष सुभिता सींगड, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास बुडानिया, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, सांसद राहुल कस्वां, विधायक मनोज मेघवाल, डॉ सीबी यादव सहित पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।



## पौष बड़ा महोत्सव आयोजित



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** लायन्स क्लब प्रेरणा के तत्वावधान में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन लायन विरेंद्र कुमार बुनकर के आर्थिक सौजन्य से स्थानीय घंटाघर के पास स्टाल लगाकर मलमास में शहर व देहात वासियों के साथ विभिन्न प्रकार के बड़े व पकोड़े खिलाकर मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सन्दीप कन्दोई, सचिव रितेश लुंडिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान, सुनील चोटिया, भंवरलाल शर्मा, जयाकांत बिंवाल, साबिर अली नजमी, सुधीर शर्मा, रवि सरावगी, भारती मुद्गल, रुकमणी देवी बुनकर, राम अवतार ठठेरा, कमल गोयनका, प्रहलाद, सोनू माली, लालचंद गुर्जर, जितेंद्र बुबना आदि उपस्थित थे।

## स्वदेशी मेला पोस्टर का हुआ विमोचन

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी टाउनशिप में बुधवार को स्वदेशी मेला जागरूक कार्यक्रम के तहत पोस्टर विमोचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख सत्यवीर गुर्जर थे। अध्यक्षता बालकृष्ण शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से स्वदेशी मेला जागरूक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मेला प्रमुख विक्रम सिंह ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच सूरजगढ़ द्वारा 17 जनवरी से 23 जनवरी 2026 नया बस स्टैंड पर स्वदेशी मेला का आयोजन होगा। स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को बाजार मिले एवं स्वदेशी भाव के जागरण के लिए देशभर में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जा रहा है उसी क्रम में स्वदेशी जागरण मंच सूरजगढ़ स्वदेशी मेला का आयोजन होगा। सात दिवसीय



इस स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शनी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य आकर्षण में श्याम बाबा का दरबार एवं भजन संध्या भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारत मां की आरती विभिन्न प्रदर्शनियां एवं स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों की स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। मेले का मुख्य आयोजन नगर पालिका सूरजगढ़ द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि सत्यवीर गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में विदेशी उत्पादों का उपयोग होने से देश की आर्थिक स्थिति पर काफी प्रभाव पड़ रहा है। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग होने से उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तथा देश का पैसा देश के हित में उपयोग लिया जा सकता है। जिससे देश को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने आमजन से स्वदेशी जागरूक मेले में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर विक्रम सिंह, बालकृष्ण शर्मा विभाग संयोजक, बुधराम, मुकेश कुमार, ओमप्रकाश, प्रमोद कुमार, रामनिवास, रजत, विकास सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## ओबीसी मोर्चा नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने राठौड़ से की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमावत ने मोती डूंगरी गणेशजी के दर्शन कर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुमावत ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इसके बाद कुमावत ने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार कर पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक की। कुमावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सबका साथ सबका विश्वास के मंत्र के साथ सबको साथ लेकर चलने एवं समावेशी कार्य नियोजन से पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमावत ने कहा कि मोर्चे का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने के सपने को पुरा करने की दिशा में मजबुती से कार्य करेगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मोर्चा अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, महामंत्री सुनील यादव, महेंद्र पंवार, उपाध्यक्ष सुनील गहलोत, महेंद्र यादव, प्रदेश मंत्री सुनीता चौधरी, कार्यालय मंत्री रामेश्वर गुर्जर, जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत, कार्यकर्ता विजेंद्र चौधरी, रामस्वरूप सोलंकी, दिनेश जांगिड़, संजीव वर्मा, चिमनाराम, महेश सैनी, भरत, दिलीप, नीरज वशिष्ठ, श्रवण सोनी, उदय यादव, संदीप कुमावत, गुरतेज सिंह, हेमंत जयसवाल, राकेश सोनी, मोनू साहू, मुकेश धाभाई, मनोज सैनी, भगवान सहाय सहित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### आरएसएस कार्यालय का भूमिपूजन व पौष बड़ा महोत्सव आज

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के कायां मन्दिर के पास आरएसएस कार्यालय का भूमिपूजन व पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को नगरपालिका के सौजन्य से विभाग संघ चालक अशोक सिंह व विभाग प्रचारक मुकेश जी व चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय माधव कुंज का भूमिपूजन व पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगरपालिका द्वारा कार्यालय के सामने स्थित चौक का स्वामी विवेकानंद चौक नामकरण किया जाएगा।

### सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरे मुवकिल जगन सिंह पुत्र रामस्वरूप जाति गुर्जर निवासी बखापुरा बोलनी जिला रेवाड़ी हरियाणा अपने आवासीय प्लोट क्षेत्रफल 1171 वर्ग गज वाके जो खसरा नं. 6209/1286, 6212/1286 ग्राम रींगस तहसील रींगस जिला सीकर स्थित है उक्त प्लोट पर Piramal Capital & Housing Finance Ltd से लोन ले रहा है, उक्त प्लोट की पिछे की रजिस्ट्री जो संतोष चौधरी पुत्र रघुनाथ चौधरी जाति जाट निवासी वार्ड सं 12, कस्बा रींगस तहसील रींगस जिला सीकर के नाम से दिनांक 09-10-2007 की बनी हुई है। जिसका दस्तावेज क्रमांक नं 4198 है। उका असल रजिस्ट्री कहीं खो गई है। उक्त प्लाट पर Piramal Capital & Housing Finance Ltd द्वारा जगन सिंह पुत्र रामस्वरूप जाति गुर्जर निवासी बखापुरा बोलनी जिला रेवाड़ी हरियाणा को लोन देने पर किसी को कोई आपत्ती हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**एडवोकेट प्रकाश कुलहरी, मो. 9413434882**

### आम सूचना

Au small finance bank शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुरलीधर शर्मा पुत्र तुलसीराम शर्मा निवासी सरदारशहर चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 1726.31 वर्ग फीट वाके नियर चांदमल नाहटा छतरी, बहादुरसिंह कॉलोनी एरिया, तहसील सरदारशहर चुरू को प्रार्थी

Au small finance bank शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। उक्त जायदाद जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 17.08.2020 को लक्ष्मी देवी पत्नी जगदीश प्रसाद ब्राह्मण से प्रार्थी की खरीद शुदा है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

### कार्यालय : ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी दांता-सीकर

क्रमांक : 1948 | दिनांक : 23.12.2025

**खुली निविदा आमन्त्रण सूचना**

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी दाँता सीकर राज. में वर्ष 2025-26 हेतु Rate Contract for Diagnogstic Services Like Lab Reagent, Test Kit, Consumables and Other items for Lab आपूर्ती/सामग्री क्रय हेतु निविदा दिनांक 02.01.2026 को दोपहर 01 बजे तक आमंत्रित की जाकर उसी दिन दोहपर 1 बजे उपरान्त, उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। कार्यों की अनुमानित कुल लागत 9.00 लाख है। विस्तृत जानकारी SPPP.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं कार्यालय समय में उपस्थित होकर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

UBN NO MHS2526GSOB05631 & NIB NO MHS2526A3880

**ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
DIPR/C/19230/2025 **दाँता-सीकर**

### नाम परिवर्तन

मैं असलम खान पुत्र सलीम खान निवासी वार्ड नं. 23 गुढ़ा मोड़ रेलवे फाटक के पास झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू राज.। मैंने मेरा नाम असलम से बदलकर असलम खान रख लिया है अत: भविष्य में मुझे असलम खान के नाम से जाना व पहचाना जावें। सभी उद्देश्यों के लिए।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि सुशिल कुमार कटोड़ा पुत्र ओमप्रकाश टेलर जाती दर्जी निवासी वार्ड नं. 08 पहाड़ी मोहल्ला बगड़ तहसील व जिला झुंझुनू अपनी खरिद सुदा दुकान क्षेत्रफल 22.22 वर्ग गज वाके वार्ड नं. 4 मैन बाजार कस्बा बगड़ जिला झुन्झुनू में स्थित है उक्त दुकान सुशिल कुमार की दिनांक 10.07.2024 की क्रयसुदा है। उक्त दुकान का विक्रय पत्र उप पंजियक झुन्झुनू के यहां रजिस्ट्रेशन पृष्ठाकंन पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 773, के पृष्ठ संख्या 131 की क्रम संख्या 202403228104955 पर पंजीबद्ध किया गया था, उक्त दुकान पर सुशिल कुमार कटोड़ा पुत्र ओमप्रकाश टेलर जाती दर्जी निवासी वार्ड नं. 08 पहाड़ी मोहल्ला बगड़ तहसील व जिला झुंझुनू द्वारा किसी वित्तिय संस्था से लोन लेने गिरवी रखने, या स्वामित्व संबंधी किसी को कोई आपत्ती/ एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज /उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

***एडवोकेट प्रकाश कुलहरी, मो. नं. 9413434882***

### कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना ( राज. )

क्रमांक- 3072 | दिनांक- 26.12.2025

**निविदा सूचना 2025-26**

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) का Dot matrix printing paper rim हेतु इच्छुक आपूर्ति कर्ताओं संवेदकों से ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| नाम कार्य | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोससिंग शुल्क | निविदा डाक्यूमेंट अपलोड करने अन्तिम तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Dot matrix printing paper rim | 1200000 | 24000 | 500 | 500 | 10.01.2026/ 01:00 P.M. | 12.01.2026/ 11 A.M. |

UBN-MHS2526GLRC05671

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना

DIPR/C/19313/2025

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 12 को

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। कस्बे के वार्ड नं. 12, लाल कुआं के पास स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक खंड कार्यवाह जयप्रकाश कुमावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव युवा दिवस पर तृतीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्रीलाल कुआं गणेश पूजा स्थल पर किया जाएगा। 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर संक्रांति उत्सव भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सोमवार शाम को संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सुनील कुमार वर्मा, मनोज कुमार चेजारा, विकास कुमार मारवाल, भवानी शंकर सैन, मनीष चेजारा, दिनेश घोडेला, दिनेश स्वामी, कमल सैनए युवराज कुमावत, दिनेश घोड़ेला सहित अन्य कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

## सम्पादकीय

# सुधारों की बात, भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार

पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने शासन, सेवा और विनिर्माण, हर क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता बनाने पर भी जोर दिया था। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी मेड इन इंडिया को गुणवत्ता का पर्याय नहीं बनाया जा सका है। इसी तरह शासन व्यवस्था में एक नई कार्यसंस्कृति विकसित करने की दिशा में कुछ कदम उठाए जाने के बाद भी अभी बात नहीं बन सकी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 को सुधारों के वर्ष के रूप में रेखांकित करते हुए यह जो कहा कि भारत रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है और इससे 2047 तक देश को विकसित बनाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी, उसकी सार्थकता तभी है, जब वास्तव में ऐसा होता हुआ दिखाई देगा। इससे इन्कार नहीं कि इस वर्ष कई बड़े सुधार हुए, जिनमें सबसे उल्लेखनीय रहा जीएसटी में व्यापक बदलाव। इसके अतिरिक्त बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश को मंजूरी देने और श्रम सुधारों के तहत 29 कानूनों को चार आधुनिक कोड में समेटकर लागू करने को भी बड़े कदम की संज्ञा भी दी जा सकती है, लेकिन अभी तो इन सुधारों का प्रभाव सामने आना शेष है। ठीक वैसे ही, जैसे इसका पता भविष्य में ही चलेगा कि मनरेगा में बुनियादी बदलाव कर वीबी-जीरामजी नामक जो नया कानून लाया गया, उसके कितने सकारात्मक नतीजे कब तक आएंगे। यही बात शिक्षा, कारोबारी सुगमता और परमाणु ऊर्जा से जुड़े कुछ उन सुधारों पर भी लागू होती है, जो इस वर्ष देखने को मिले। सुधार के इन कदमों को जिन उद्देश्यों के साथ लागू किया गया है, उनकी पूर्ति हर हाल में हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सुधारों के सकारात्मक परिणाम केवल दिखने ही नहीं चाहिए, बल्कि वे आम आदमी को महसूस भी होने चाहिए।



विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिए यह अनिवार्य है कि नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केंद्रीय सत्ता से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही के तौर-तरीकों में कुछ बदलाव आया है, लेकिन निचले स्तर पर उसका रवैया जस का जस है। सबसे खराब बात यह है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस कारण भी आम आदमी सुधारों के समुचित लाभ का अनुभव नहीं कर पा रहा है। उसे अब भी कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह समझा जाए तो अच्छा कि हर क्षेत्र में सुधारों को सही तरह लागू करने के मामले में बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसका संकेत कुछ ही दिनों पहले प्रधानमंत्री ने यह कह कर दिया था कि राज्यों को मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ कारोबारी सुगमता में सुधार और सेवा क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देना होगा। पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने शासन, सेवा और विनिर्माण, हर क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता बनाने पर भी जोर दिया था। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी मेड इन इंडिया को गुणवत्ता का पर्याय नहीं बनाया जा सका है। इसी तरह शासन व्यवस्था में एक नई कार्यसंस्कृति विकसित करने की दिशा में कुछ कदम उठाए जाने के बाद भी अभी बात नहीं बन सकी है।

## विशेष आलेख

# सनातन संस्कृति, भारत एवं संघ के विरुद्ध गढ़े जा रहे हैं झूठे विमर्श

**“ अमेरिका से प्रकाशित न्यूयॉर्क टाइम्स नामक एक समाचार पत्र में हाल ही में प्रकाशित एक लेख में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में असत्य विचार प्रकट किए गए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित यह आलेख न तो भारत के सामाजिक यथार्थ का परिपूर्ण चित्र प्रस्तुत करता है, न ही संघ की वैचारिक और संगठनात्मक वास्तविकता को। इस लेख में तथ्यों, आंकड़ों और स्वतंत्र स्रोतों का संतुलित उपयोग नहीं किया गया है और यह लेख पूर्णतः पूर्वाग्रहों पर आधारित दिखाई देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास एवं संघ के स्वयंसेवकों द्वारा सम्पन्न किए गए अतुलनीय कार्यों के बारे में इन महानुभावों को कोई जानकारी ही नहीं है।**

भारत आज विश्व के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक परिदृश्य को बदलने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा रहा है। पश्चिमी देशों के वर्चस्व को पूर्वी देशों से चुनौती मिल रही है, जिसका नेतृत्व भारत करता हुआ दिखाई दे रहा है। इसलिए, अमेरिका के कुछ विघ्नसंतोषी संस्थानों सहित कुछ विकसित देश सनातन हिन्दू संस्कृति, भारत एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निराधार आरोप लगाकर झूठे विमर्श गढ़ने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, पश्चिमी देशों की समस्या यह है कि वे केवल अपनी आधी अधूरी जानकारी को ही पूर्ण जानकारी मानते हुए अपने विचार तय करते हैं। जबकि, उनके विचार स्पष्टतः सत्यता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते हैं। भारत पर आक्रांताओं एवं अंग्रेजो के शासनकाल में भी सनातन हिंदू संस्कृति एवं भारतीय संस्कारों पर जो विचार गढ़े गए थे, वे पूर्णतः गलत पाए गए थे। जैसे, सनातन संस्कृति के संस्कार रूढ़िवादी हैं एवं यह विज्ञान के धरातल पर खरे नहीं उतरते हैं, आदि, आदि। उनके द्वारा सनातन संस्कृति के बारे में गढ़े गए विचार पूर्णतः उनके आधे अधूरे ज्ञान पर ही आधारित थे। परंतु, आज सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कार विज्ञान के धरातल पर खरे पाए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों के तथाकथित विद्वानों में सनातन हिंदू संस्कृति, भारत एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में जानकारी का पूर्णतः अभाव है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी और इसके साथ ही संघ ने देश के विभिन्न नगरों एवं ग्रामों में शाखाओं की स्थापना करते हुए भारत के युवाओं में राष्ट्रीयता के भाव को जागृत करना प्रारम्भ कर दिया था। वर्ष 1947 आते आते तो भारत में संघ के स्वयसेवकों की एक बड़ी फौज खड़ी हो चुकी थी। वर्ष 1947 में जब पाकिस्तानी सेना की टुकड़ियों ने कश्मीर की सीमा को पार करने की कोशिश की थी तब संघ के स्वयसेवकों ने कश्मीर की सीमा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों पर बिना किसी प्रशिक्षण के लगातार नजर बनाए रखी थी और तब पाकिस्तानी सेना को रोकने हेतु भारतीय सेना के जवानों के साथ संघ के कई स्वयसेवकों ने भी अपनी मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी थी। साथ ही, भारत में विभाजन के समय दंगे भड़कने के दौरान पाकिस्तान से जान बचाकर आए हिंदू शरणार्थियों की सहायता के लिए संघ के स्वयसेवकों ने 3,000 से अधिक राहत शिविर भारत में लगाए थे। कश्मीर के भारत में विलय के समय पाकिस्तान की सेना कबाईलियों के भेष में भारत की सीमा में घुस रही थी, ऐसे में तात्कालीन केंद्र सरकार यह फैसला नहीं ले पा रही थी कि इन परिस्थितियों के बीच क्या किया जाय क्योंकि उस समय कश्मीर के महाराजा श्री हरी सिंह जी भारत में कश्मीर के विलय सम्बंधी प्रस्ताव पर अपने हस्ताक्षर नहीं कर पाए थे। इन विकट परिस्थितियों के बीच सरदार पटेल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक श्री गुरु गोलवलकर जी से मदद मांगी और उन्हें कश्मीर में महाराजा श्री हरी सिंह जी से मिलने भेजा। श्री गुरु जी तुरंत कश्मीर गए एवं महाराजा श्री हरी सिंह जी को समझाया और कश्मीर के भारत में विलय सम्बंधी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करा लिए और उसे दिल्ली भेज दिया। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तानी सेना के पूरे कश्मीर पर कब्जे को विफल करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया। दादरा, नगर हवेली और गोवा को मुक्त कराते हुए भारत में विलय में भी संघ के स्वयसेवकों की प्रमुख भूमिका रही थी। 21 जुलाई 1954 को दादरा को पुर्तगालियों से मुक्त कराया गया था, 28 जुलाई 1954 को नरोली और फिपारिया को मुक्त कराया गया और फिर राजधानी सिलवासा को मुक्त कराया गया था। संघ के स्वयसेवकों ने 2 अगस्त 1954 की सुबह पुर्तगाल का झंडा उतारकर भारत का तिरंगा फहराया था एवं दादरा नगर हवेली को पुर्तगालियों के कब्जे से मुक्त कराकर भारत सरकार को सौंप दिया था। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने गोवा में सशस्त्र हस्तक्षेप करने से साफ इंकार कर दिया था अतः वर्ष 1955 में संघ के स्वयंसेवकों ने श्री जगन्नाथ राव जोशी जी के नेतृत्व में गोवा पहुंच कर गोवा मुक्ति आंदोलन प्रारम्भ किया, जिसके परिणामस्वरूप जगन्नाथ राव जोशी सहित संघ के कई कार्यकर्ताओं को दस वर्ष की सजा सुनाई गई। हालत बिगड़ते देख अंततः भारतीय सैनिकों ने हस्तक्षेप किया और वर्ष 1961 में गोवा को आजादी प्राप्त हुई। इसी प्रकार वर्ष 1962 में भी चीन के साथ भारत के युद्ध के समय संघ के स्वयसेवकों ने भारतीय सेना की भरपूर मदद की थी। संघ के स्वयसेवक पूरे उत्साह के साथ सेना की मदद के लिए सीमा पर पहुंचे थे। स्वयंसेवकों ने सरकारी कार्यों में और विशेष रूप से जवानों की मदद में पूरी ताकत लगा दी थी। सैनिक आवाजाही मार्गों की चौकसी, प्रशासन की मदद, रसद और आपूर्ति में मदद और ययां तक कि शहीदों के परिवारों की चिंता भी संघ के स्वयसेवकों ने की थी। संघ के इस महान योगदान को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरु ने भी पहचाना था और 26 जनवरी 1963 की गणतंत्र दिवस की परेड में संघ के स्वयंसेवकों को शामिल होने का निमंत्रण दिया था। गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने के लिए महीनों की तैयारी की जाती है परंतु केवल 2 दिन पहिले मिले निमंत्रण पर संघ के 3,500 स्वयंसेवक गणवेश में गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुए थे। वर्ष 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहायता की आवश्यकता पड़ी थी। आपने देश में कानून व्यवस्था की स्थिति को सम्भालने और विशेष रूप से दिल्ली की यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण स्थापित करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को अनुरोध किया था ताकि इन कार्यों में व्यस्त पुलिसकर्मियों का भारतीय सेना की मदद में उपयोग किया जा सके। युद्ध के इस कठिन समय में घायल जवानों को सबसे पहिले रक्तदान देने में भी संघ के स्वयंसेवक ही सबसे आगे रहे थे।

## आज का राशिफल

### मेष
कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### वृष
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### मिथुन
किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### कर्क
तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। थकान रह सकती है।

### सिंह
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### कन्या
धन प्राप्ति सुगम होगी। स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

### तुला
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### वृश्चिक
विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

### धनु
मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

### मकर
यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

### कुंभ
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है।

### मीन
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# वजन बढ़ाने के लिए दलिया या ओट्स में से क्या है अधिक फायदेमंद?

दलिया और ओट्स दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर अनाज है। अधिकतर लोग फिट और हेल्दी बने रहने के लिए दलिया और ओट्स को अपने ब्रेकफास्ट में शामिल करते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी दलिया और ओट्स खाने की सलाह देते हैं। अकसर कहा जाता है कि दलिया और ओट्स को वजन बढ़ाने और वजन घटाने दोनों के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन जो लोग वजन बढ़ाना चाहते हैं, वे अकसर समझ नहीं पाते हैं कि दलिया और ओट्स में से क्या अधिक फायदेमंद होता है।



### दलिया और ओट्स में कैलोरी

आपको बता दें कि एक कटोरी पके हुए दलिया में 152 कैलोरी पाई जाती है। किशमिश, काजू और बादाम मिलाकर इसकी कैलोरी को बढ़ाया जा सकता है। वहीं 81 ग्राम ओट्स में 307 कैलोरी होती है। इसके अलावा ओट्स में फाइबर भी अधिक होता है, ऐसे में अगर आप ओट्स का सेवन करेंगे तो लंबे समय तक भूख नहीं लगेगी। जबकि वजन बढ़ाने के लिए आपको बार-बार खाने की जरूरत होती है।

### दलिया और ओट्स में फैट

100 ग्राम दलिया में 3.41 ग्राम फैट पाया जाता है। इसमें 27.7 ग्राम कार्ब्स और 5.03 ग्राम प्रोटीन होता है। वहीं, ओट्स भी फैट, कार्ब्स और प्रोटीन का अच्छा सोर्स होता है। लेकिन इसके बावजूद भी वजन बढ़ाने के लिए दलिया को अधिक लाभकारी माना जाता है।

### वजन बढ़ाने के लिए दलिया या ओट्स

दलिया और ओट्स दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन जो लोग वजन बढ़ाना चाहते हैं, वे अकसर दलिया और ओट्स में कंफ्यूज रहते हैं। उन्हें समझ नहीं आ पाता है कि दलिया या ओट्स में से वजन बढ़ाने के लिए क्या ज्यादा फायदेमंद होता है। ऐसे में डॉक्टर सुगीता मुटरेजा बताती हैं कि वजन बढ़ाने के लिए दलिया ज्यादा लाभकारी हो सकता है। आयुर्वेद में गेहूं के दलिया को रसायन भी माना गया है। यह मधुरस प्रधान है, इसलिए दलिया वजन बढ़ाने में ज्यादा फायदेमंद होता है। अगर आपको भी वजन बढ़ाना है, तो आप अपनी रेगुलर डाइट में दलिया को शामिल कर सकते हैं। वैसे तो मीठा दलिया अधिक लाभकारी होता है, लेकिन आप चाहें तो नमकीन दलिया का भी सेवन कर सकते हैं। दरअसल, मीठे दलिया में दूध, ड्राई फ्रूट्स आदि मिलाए जा सकते हैं, जिससे आपको अधिक कैलोरी, फैट और प्रोटीन मिल सकता है और वजन बढ़ाना आसान हो सकता है।

### वजन बढ़ाने के लिए दलिया कैसे खाएं

वजन बढ़ाने के लिए दलिया ज्यादा लाभकारी होता है। इसलिए अगर आपका दुबला-पतला शरीर है, तो आप वजन बढ़ाने के लिए दलिया का सेवन कर सकते हैं। वजन बढ़ाने के लिए आप मीठे दलिया को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। इसके लिए आप एक पैन में दलिया डालें। इसमें काजू, बादाम, किशमिश और दूध मिक्स करें।

# हाथ-पैर सुन्न होना इन बीमारियों के लक्षण हो सकते है

आपने अक्सर देखा होगा जब हम एक ही पोजीशन में लंबे समय तक बैठे रहते हैं, या कोई हाथ-पैर बहुत समय तक दब जाते हैं, तो उनमें सुन्नपन और सनसनी महसूस होने लगती है। साथ चींटियों के या सुई चुभने जैसी सेंसेशन महसूस होती है। क्योंकि ऐसा होने पर शरीर में ब्लड फ्लो ठीक से नहीं हो पाता है और रक्त एक ही जगह पर इकट्ठा होने लगता है। जैसे ही हम सामान्य स्थिति में आते हैं, ब्लड सर्कुलेशन फिर से शुरु हो जाता है और सनसनी बंद हो जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं, हाथ-पैर सुन्न होना कुछ मामलों में किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकते हैं?



**डायबिटीज :** जब रक्त में ग्लूकोज की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो इससे तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचता है। इस स्थिति को पेरीफेरल न्यूरोपैथी कहा जाता है। हाथों और पैरों का सुन्न होना या झुनझुनी इसके सबसे आम लक्षण हैं।

**दबी हुई नस :** जब शरीर के किसी अंग की कोई नस दब जाती है, तो इससे भी ब्लड फ्लो प्रभावित होता है और आप सुन्नपन महसूस करते हैं।

**डिस्क स्लिप होना:** जब रीढ़ की डिस्क खिसक जाती है, तो इस स्थिति में पैरों के नीचे वाली नसों पर काफी दबाव पड़ता है और नस दब जाती है।

**ऑटोइम्यून डिजीज :** ल्यूपस और गठिया के रोगियों में भी हाथ-पैर सुन्न होने की समस्या देखने को मिलती है।

**शरीर में विटामिन की कमी :** शरीर में कुछ विटामिन नसों के स्वास्थ्य और ब्लड सर्कुलेशन के लिए बहुत जरूरी होते हैं जैसे विटामिन बी कॉम्प्लेक्स। साथ ही कुछ मिनरल्स भी इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। कई बार पोषण की कमी भी सुन्नपन का कारण बन सकती है।

**अन्य बीमारियां :** कैंसर (कीमोथेरेपी), एचआईवी या एड्स, उच्च रक्तचाप और टीबी के रोगियों में यह बहुत आम है। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति किडनी ठीक से काम नहीं कर रही है, तो ऐसे में भी आपको हाथ-पैर सुन्न होने की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण भी इसका कारण बन सकते हैं। कुछ मामलों में यह अनुवांशिक भी हो सकता है।

**डॉक्टर क्या सलाह देते हैं :** अगर कोई व्यक्ति सामान्य से अक्सर हाथ-पैर सुन्न होने की समस्या का सामना करता है, तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# कॉफी, शहद और एलोवेरा से बनाएं बेहतरीन फेस मास्क, स्किन को मिलेंगे यह फायदे

सूर्य की हानिकारण किरणें, धूल और चेहरे पर एक्ट्रा ऑयल की वजह से कई तरह की समस्याएं होने लगी है। त्वचा की समस्या में आप बाजार के ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ये आपकी समस्या को कम करने की अपेक्षा और बढ़ा देते हैं। ब्यूटी प्रोडक्ट में कई तरह के हानिकारक तत्व मौजूद होते हैं, जो आपकी त्वचा में मुंहासे, दाने, दाग-धब्बे और झाइयां बढ़ाने कार्य करते हैं।



**कॉफी, शहद और एलोवेरा से त्वचा को साफ करें :** कॉफी, शहद और एलोवेरा के फेस मास्क से आप त्वचा का साफ कर सकते हैं। इन तीनों के फेस मास्क से चेहरे को एक्सफोलिएट करके आप त्वचा से मृत कोशिकाएं को हटा सकते हैं।

**कॉफी, शहद और एलोवेरा के फेस मास्क से सनटैन को करें दूर :** कॉफी, शहद और एलोवेरा के फेस मास्क से सूर्य की हानिकारक किरणों की वजह से होने वाले टैन की समस्या को कम किया जा सकता है। इस फेस मास्क में एंटी ऑक्सीडेंट्स तत्व होते हैं, जो यूवी किरणों के दुष्प्रभावों को दूर करने और उससे त्वचा का बचाव करने में सहायक होते हैं।

**कॉफी, शहद और एलोवेरा का फेस मास्क से झुर्रियां करें कम :** झुर्रियों को दूर करने के लिए आप कॉफी, शहद और एलोवेरा से बने फेस मास्क का उपयोग कर सकते हैं। शहद और एलोवेरा त्वचा में कसाव लाने में काफी उपयोगी होता है।

**मुंहासों को दूर करने में सहायक :** इस फेस मास्क के नियमित उपयोग से आप त्वचा से मुंहासे, दाग धब्बे और झाइयों को दूर कर सकते हैं। इस मास्क में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को बैक्टीरिया मुक्त बनाते है।

# हेल्दी रहने के लिए जरूरी है रोजाना योगा रूटीन किकस्टार्ट करने के लिए अपनाएं यह टिप्स

हेल्दी रहने और माइंड को रिलेक्स करने के लिए योगा फायदेमंद साबित हो सकता है। ये शारीरिक और मानसिक शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है। हालांकि, रोजाना की लाइफस्टाइल में शामिल करना कुछ लोगों के लिए मुश्किल होता है। कुछ लोग एक-दो दिन इसकी प्रेक्टिस करते हैं और फिर छोड़ देते हैं।

### समय और जगह करें सेट

दिन का एक समय चुनें और अपने घर में ऐसी जगह चुनें जहां आप लगातार योगा प्रेक्टिस कर सकें। यह एक रूटीन सेट करने में मदद करेगा और आपकी प्रेक्टिस पर टिके रहना आसान बना देगा।

### ऑनलाइन संसाधनों का इस्तेमाल करें

योग के लिए कई ऑनलाइन संसाधन मिल जाएंगे, जिनमें वीडियो, ट्यूटोरियल और ऐप्स शामिल हैं। एक वीडियो को देखें जो आपकी मदद कर सकें। ये आपकी प्रेक्टिस को आसान बनाएगा।

### आसान योगासन से करें स्टार्ट

अगर आप योग के लिए नए हैं, तो आसान योगासन से शुरुआत करें। आसान योग से शुरुआत करने पर आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होती है।



### योगा पार्टनर देखें

रोजाना योगा करने के लिए किसी दोस्त या परिवार के सदस्य के साथ योग की प्रेक्टिस करें। अगर आप कम्फर्टेबल हों तो किसी और के साथ अभ्यास करना ज्यादा मजेदार हो सकता है। योग एक अच्छी प्रेक्टिस है, हालांकि, ताकत और लचीलापन बनाने में समय लगता है।

# नववर्ष के आगाज के लिए उमड़े श्रद्धालु



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस लखदातार के दरबार में नव वर्ष की घोक लगाने के लिए बुधवार को श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस दौरान सड़क व रेल यातायात पर यात्रियों का दबाव रहा। रोगस जजंक्शन पर पाव रखने की भी जगह भक्तो की तादात से कम पड़ती नजर आई। इस दौरान सुरक्षा व श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था, चाक चौबन्द नजर आई। हजारो भक्त रींगस के प्राचीन श्यान मंदिर में दर्शन कर खाटूश्यामजी के लिए रवाना हुए। शीश के दानी को हैप्पी न्यू ईयर कहने के लिए मंगलबार से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। बुधवार को साल के अन्तिम दिन भक्तो की सख्या में और ज्यादा इजाफा हो गया। जयपुर व दिल्ली की तरफ से आने वाली ट्रेनों में श्याम मुक्त नजर आये। रेलवे ने इस दौरान स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है वहीं सुरक्षा के लिए आरपीएफ , जीआरपी व सुरक्षा सखियो के साथ साथ राजस्व अधिकारियों को जंक्शन पर तैनात किया। पदयात्रियों के चलते खाटूश्यामजी रोड का नजारा मिनी कुभ जैसा रहा। रंग बिरंगे परिधान व निशान लिये श्रद्धालुओं ने श्याम रंग की छटा बिखेर दी। डीजे व चग की थाप पर श्यान भजनों पर श्रद्धालु झुमते नजर आये।

## समाज के लोगों ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम जांदवा में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर लाइव आकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं एससी व एसटी समाज के विरूद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। आरोपी की पहचान ग्राम जादवां निवासी करतारसिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से लाइव आकर एससी व एसटी समाज तथा डॉ अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद समाज के लोगों में काफी आक्रोश है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के तत्वावधान में मंगलवार सायं पुलिस थाना में इस संबंध में ज्ञापन भी दिया गया है। समाज के अध्यक्ष श्रवण सोडा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने सार्वजनिक रूप से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होगी तो समाज द्वारा आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोटखावदा थाना इलाके में स्थित जयपुर-टोंक हाईवे एनएच-52 कोटखावदा पुलियाद्ध पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूल जा रहे एक फोर्थ ग्रेड कर्मचारी की मौत हो गई। दुर्घटना थाना इंचार्ज रामरतन चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान चाकसू निवासी 45 वर्षीय हेमराज गोस्वामी के रूप में हुई है। जो ठीकरिया मीणान गांव स्थित सरकारी स्कूल में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी के पद पर कार्यरत था और बुधवार सुबह बाइक से स्कूल जा रहे थे। पुलिस के अनुसार हाईवे पर लघुशंका के लिए रुकने के बाद हेमराज गोस्वामी जैसे ही दोबारा बाइक पर बैठने की तैयारी कर रहे थे। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की सहायता से घायल को चाकसू उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के साले राजेश गोस्वामी ने बताया कि हेमराज गोस्वामी के दो बेटे और एक बेटी हैंए जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

## मरीजों को फलों का वितरण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजकीय चिकित्सालय लाडनूं एवं स्थानीय एम.एम. घोड़ावत हॉस्पिटल में भर्ती करीब दो सौ मरीजों को पौष्टिक फलों का वितरण किया गया। समाजसेवा की इस पहल से मरीजों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। समाजसेवी साहिल तेली ने बताया कि तेलियान समाज के युवाओं द्वारा जनसेवा को समर्पित इस अभियान के तहत केले, संतरा, अमरूद और चीकू जैसे ताजे फल मरीजों तक पहुंचाए गए। उनका कहना है कि स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में याकूब शोरघर, राजू दईया, अरशद सहित कई युवा साथी मौजूद रहे और उन्होंने पूरी तत्परता से सहयोग किया। पीएमओ डॉ. भरत कसेरा ने नववर्ष के अवसर पर युवाओं द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया।



# किसानों ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकालकर किया प्रदर्शन

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में चलने वाली हर खेत को नहर से सिंचाई का पानी सहित आठ मांगों को लेकर चलने वाली किसान जागृति यात्रा बुधवार को बीदासर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कस्बे के भूतनाथ महादेव मंदिर पहुंचने पर यात्रा का किसानों ने स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें तहसील अध्यक्ष लालचंद गोदारा, मंत्री सोहन राम भाकर, उपाध्यक्ष गोविंद राम नेहरा, कार्यकारिणी सदस्य मुनीलाल प्रजापत, तिलोक नाथ सिद्ध, श्रवण कुमार, लालचंद, संरक्षक रामेश्वर लाल सारण, रामचंद्र दुसाद को मनोनीत किया गया।

इसके पश्चात किसान जागृति यात्रा में किसान हाथों में तखतियां लेकर व नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंची। जहां किसानों ने उपखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में कातर तहसील अध्यक्ष लुणाराम, मंत्री छैलु सिंह राठौड़, संभाग सहमंत्री शंकर लाल महर्षि, संभाग युवा प्रमुख राम विलास कांधराण, दिनेश रतावा, हड़मान मांझु बैरासर, प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, गिरधारीलाल पूनियां, मीडिया प्रभारी हरीश उपस्थित थे। वहीं भारतीय किसान संघ चूरू के जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने बताया कि भारतीय किसान संघ के बेनर तले आठ सूत्री मांगों को लेकर जिले की विभिन्न तहसीलों में रथ यात्रा के माध्यम से ज्ञापन और धरना प्रदर्शन चल रहे है। इसकों लेकर राज्य और केंद्र की सरकारों को ज्ञापन भी भेजे जा रहे है। यदि जल्द ही मांगे नही मानी गई तो किसानों की ओर से 8 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय पर महापड़ाव डाला जायेगा।

# मुनिश्री सुमति कुमार ठाणा-3 का किया स्वागत

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय राजेंद्र विद्यालय में पधारे मुनिश्री सुमति कुमार ठाणा तीन का विहार कर तेरापंथ भवन में मंगल प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर राजेंद्र विद्यालय से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जो तेरापंथ भवन तक पहुंची। रैली में राजेंद्र विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षक शामिल रहे। मुनिश्री ने राजेंद्र विद्यालय में एक दिन रह कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विशेष उद्बोधन दिया। इस प्रेरणादायक उद्बोधन के लिए राजेंद्र विद्यालय परिवार ने मुनिश्री के प्रति आभार व्यक्त किया।



विशेष रूप से राजेश बुच्चा के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई, जिनके आग्रह पर मुनिश्री ने एक दिन एवं एक रात का प्रवास स्वीकार किया। तेरापंथ भवन में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल द्वारा गीतिका प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात कन्या मंडल द्वारा स्वागत नाटिका एवं गीतिका प्रस्तुत की गई। स्वागत समारोह में सभा अध्यक्ष राजेश बुच्चा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली, महिला मंडल अध्यक्ष शांति चिंडालिया, युवक परिषद अध्यक्ष मोहित अंचलिया, भंवर लाल नखत, वर्षा बैल, तेजकरण भंसाली सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मुनिश्री का भावपूर्ण स्वागत किया। कार्यक्र म का संचालन चंचल नखत ने किया। कार्यक्रम में श्रावक समाज की अच्छी उपस्थिति रही। रैली में पंचायत समिति सदस्य सरोज कंवर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य पृथ्वी सिंह विदावत भी उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं भक्ति भाव से परिपूर्ण रहा।

## स्पा सेंटर से छह युवतियों सहित आठ गिरफ्तार

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पुलिस ने स्पा सेंटर पर कार्रवाई कर छह युवतियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उप पुलिस अधीक्षक इनसार अली के निर्देश एवं सीआई गौरव खिड़िया के सुपरविजन पर हैड कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार मय जाब्ता ने स्पा सेंटर पर अनैतिक गतिविधियों के संचालन की सूचना पर दबिश दी गई तो स्पा संचालक हरियाणा निवासी कुलदीप यादव एवं श्रीगंगानगर निवासी सागर बावरी सहित छह युवतियों ने पुलिस का विरोध जताया। इन लोगों द्वारा पुलिस से उलझने एवं स्पा की तलाश के लिए रोकने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह युवतियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवतियों की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है। सभी युवतियां राजस्थान और पंजाब की रहने वाली बताई जा रही है। उल्लेखनीय रहे कि क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटर एवं होटलों में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही है। गत दिनों पुलिस द्वारा एक स्पा सेंटर से अनैतिक गतिविधियों में संचालित युवतियों सहित दो युवकों को गिरफ्तार भी किया गया था।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवययत्न )।** मौसमी बीमारियों को देखते हुए सुभाष गुरुकुल तारानगर के संचालक सुभाष चारण के सौजन्य से व समाजसेवी अमरसिंह चारण की प्रेरणा से बुधवार को कस्बे की झुग्गी पट्टी में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। उपजिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर देवीलाल जोशी ने झुग्गी पट्टी में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाई दी। इस अवसर पर चारण की ओर से सभी को मिठाई वितरित कर अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुवे नववर्ष पर सभी को बधाई दी गई। इस अवसर पर मुकेश फगेड़िया, गजानंद प्रजापत, लक्ष्मीनारायण प्रजापत, भगवानदास स्वामी, संदीप सैन, कमल रैगर आदि मौजूद रहे।

# दूध महोत्सव मनाया

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** बस स्टैंड पर युवा विकास मंच के तत्वावधान में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा व कांग्रेस नेता डॉ. राजपाल शर्मा की प्रेरणा से दूध महोत्सव का आयोजन किया गया। पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी ने बताया के नेतृत्व में युवाओं को दूध पिलाकर नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई।



इस मौके पर कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष राजकुमार चेजारा, पार्षद रमेश दर्जी, प्रमोद पचलँगिया, पार्षद प्रतिनिधि आरिफ भाटी, दयाशंकर पोरवाल, जितेन्द्र मुहाल, आकाश ढेण्डवाल, सुखराम कसेरू, इकबाल खोखर, रामनिवास महरिया, रामदेव सिंह राठौड़, जगदीश पूनिया, आनंदीलाल चेजारा, प्रह्लाद चेजारा, अशोक सुरोलिया, रामस्वरूप चेजारा, रामनिवास जांटवाली, अमित जांगिड़, ताराचंद सैनी, अरविंद देवड़ा, रजनीश पाण्डे, विमल शर्मा, मनोज सुरोलिया, इकबाल लुहार, चंद्र शेखर सुरोलिया, ताराचंद सैनी, पवन शर्मा, डी के सुरोलिया, राजकुमार कटारिया, सकील लुहार, इनायत लुहार, मांगू सिंह राठौड़, पप्पू सोनी, रामगोपाल डोलिया, रजनीश महला, ताराचंद महला, पवन सैनी, मुन्नालाल सैनी, राकेश कुमावत, गिरधारी लाल नायक, रामूजी फोटोग्राफर सहित बड़ी संख्या मे कार्यकता मौजूद रहे।

# बोलेरो में आग, जिंदा जलने से चालक की दर्दनाक मौत



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** क्षेत्र के रताऊ सीवां के बीच एक बोलेरो गाड़ी में आग लगने से चालक जेठाराम बिडियासर की मौके पर जलने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतक का शव लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मोर्चरी कक्ष के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और घटना को हत्या का रूप बताते हुए शीघ्र खुलासा करने की मांग पर अड़े रहे। धरना स्थल पर सीओ जितेंद्र सिंह, लाडनूं सीआई शिंभू दयाल मीणा मौके पर पहुंचे, जहां समझाइश के दौरान निम्बी जोधा थानाधिकारी सिद्धार्थ प्रजापत और ग्रामीणों के बीच हल्की नोक झोंक देखने को मिली। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए एडिशनल एसपी हिमांशु शर्मा मौके पर पहुंचे और पांच दिनों में पूरे मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए सहमत हुए। इस दौरान भाजपा नेता करणी सिंह, सूबेदार सुरजाराम भाकर, प्रधान हनुमान कासनियां, रताऊ सरपंच हुकुम सिंह, युवा नेता विकास बुरड़क, कृष्ण कुमार कासनियां, मुकेश भाकर, कालूराम गेनाना सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## नन्हीं मुस्कानों में यशु की याद




बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कैप्टन सुरेन्द्र सिंह चकबास ने अपने दिवंगत पुत्र इंजीनियर यशु सिंह का जन्मदिन इस वर्ष भी सेवा और संवेदना के साथ मनाया। खेमिशक्ति मंदिर परिसर स्थित आशा का झरना स्कूल के मूक-बधिर बच्चों के बीच पहुंचकर उन्होंने न केवल अपने बेटे की स्मृतियों को जीवंत रखाए बल्कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान भी बिखेरी। इस अवसर पर चकबास ने विद्यालय को तीन वॉल माउंटेन पंखे भेंट किए तथा सभी बच्चों को मिठाइयां वितरित की। कार्यक्रम भावुक माहौल में संपन्न हुआ, जहां स्व. यशु सिंह की धर्मपत्नी द्रौपदी देवी, बेटी ललिता, दामाद अरुण पूनिया सहित ओला का बास विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र झाझड़िया और महात्मा गांधी विद्यालय तोगड़ा कलां की प्रधानाचार्य उमेद झाझड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे। आशा का झरना स्कूल के समन्वयक पंकज विश्वकर्मा ने बताया कि कैप्टन सुरेन्द्र सिंह चकबास पिछले वर्ष भी अपने पुत्र का जन्मदिन इसी विद्यालय के बच्चों के साथ स्टेशनरी और मिठाइयां बांटकर मना चुके हैं। यह परंपरा उनके लिए बेटे की याद को सेवा में बदलने का माध्यम बन गई है, जिसने बच्चों के जीवन में छोटी-छोटी खुशियों के बड़े पल जोड़े हैं।

## सोमानी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा-कालवाड़ रोड स्थित सोमानी इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय ग्रैंडपेरेंट्स डे कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में नौनिहालों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित दादा-दादी व नाना-नानी का दिल जीत लिया। आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों ने ष्दादी अम्मा दादी अम्मा मान जाओ ना नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दींए जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल बच्चों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया, बल्कि तालियों से उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को विद्यालय के निदेशक सुनील सोमानी ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके बुजुर्गों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना रहा।

## आपत्तिजनक टिप्पणी करने के दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के गांव जांदवा में अनुसूचित जातिध्जन जाति एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरूद्ध सोशल मीडिया पर आपतिजनक टिप्पणी करने के दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है। उपखंड अधिकारी को गृह मंत्री के नाम सौंपे गये ज्ञापन में घटना का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि एससी/एसटी समाज एवं बाबा साहेब के विरूद्ध इस प्रकार की आपतिजनक एवं अपमान जनक टिप्पणी से सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त है तथा यह लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं सामाजिक समरसता के लिए घातक है। ज्ञापन में दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एड. रामकुमार मेघवाल, ईश्वर सिंह, पूनमचंद मेघवाल, पुरूषोतम लाल चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।




# रात को सोने से पहले चेहरा धोना क्यों जरूरी है? इससे स्किन को मिलने वाले ये फायदे

हमारा चेहरा शरीर के कुछ सबसे नाजुक हिस्सों में से एक है। इसलिए इसकी अलग से देखभाल करना बेहद जरूरी है। चेहरे की अलग से देखभाल करने के लिए आपको कुछ खास प्लॉनिंग करनी होगा। ऐसे में रात को सोने से पहले चेहरा धोना एक अच्छा आईडिया हो सकता है। दरअसल, इससे आपके चेहरे को पहले तो आराम मिलता है और फिर ये आपके पोर्स को क्लीन करता है और रात भर चेहरे को सांस देने का मौका देता है। इसके अलावा भी रात को सोने से पहले चेहरा धोने के कई फायदे हैं।

## रात को चेहरा धोने का सही तरीका

- सबसे पहले तो रात को सोने से पहले अपने चेहरे का मेकअप हटाएं।
- इसके लिए आप गुलाबजल को कॉटन में लगा कर मेकअप साफ कर सकते हैं।
- इसके बाद गुनगुने पानी से पहले अपना चेहरा धोएं। इससे चेहरे की गंदगी साफ हो जाती है।
- अब एक नॉर्मल फेशवॉश ले। चेहरा धो लें।
- अब चेहरे को पोंछ लें और मॉइस्चराइज लगा कर सोने जाएं।





## त्वचा की रिपेयरिंग के लिए है जरूरी

अगर आप रात को चेहरा बिना धोए सोते हैं तो आपकी त्वचा की रिपेयरिंग और हीलिंग जल्दी नहीं होती है। ऐसा इसलिए कि रात के समय हमारी त्वचा रिपेयरिंग का काम करती है। अपना चेहरा न धोकर सोमा, आप अपनी त्वचा की प्राकृतिक उपचार प्रक्रिया में बाधा डालते हैं। इससे आपकी त्वचा में लंबे समय के लिए गंदगी फंसी रहती है और चेहरे को नुकसान होता है।

## झुर्रियां कम करता है

बिस्तर पर जाने से पहले चेहरा धोने से झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इससे त्वचा पर बढ़ती झुर्रियों को रोकने में मदद मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपका चेहरा दिन के दौरान पर्यावरण में मुक्त कणों के संपर्क में आता है जो कि त्वचा में कोलेजन के टूटने का कारण बन सकता है और अंततः महीन रेखाओं और झुर्रियों का कारण बन सकता है। लेकिन सोने से पहले अपना चेहरा ना धोने से पर्यावरण प्रदूषण रात भर आपके चेहरे को नुकसान पहुचाता है, जिससे कोलेजन का नुकसान होता है और एंजिंग के निशान तेजी से बढ़ते हैं।

## एक्ने कम करता है

अगर आप नियमित रूप से मेकअप करती हैं तो आपके लिए चेहरा धोना और भी अनिवार्य हो जाता है। नहीं तो ये एक्ने की समस्या बढ़ा सकती है। ऐसे में पहले तो ऑलिव ऑयल या मेकअप रिमूवर की मदद से मेकअप हटाएं। फिर किसी उपयुक्त क्लींजर से अपना चेहरा धो लें। यह आपके रोमछिद्रों से गंदगी हटाता है और आपके पोर्स को अंदर से साफ करता है। दरअसल, गंदगी और प्रदूषण आपके छिद्रों को बंद कर देते हैं और उन्हें ताजी हवा में सांस नहीं लेने देते। ऐसे में चेहरा धो कर सोने से चेहरे अच्छे से सांस ले पाता है और आपको एक्ने की समस्या भी नहीं होती है।

## त्वचा की टोनिंग पर पड़ता है असर

सोने से पहले चेहरा न धोने पर त्वचा की टोनिंग पर असर पड़ता है। यह स्वाभाविक रूप से खुद को एक्सफोलिएट करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है। इससे चेहरे की बनावट सही होती है और चेहरे को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

# बच्चों को नाश्ते में खिलाएं साबूदाने की ये हेल्दी रेसिपीज

बड़े हो या बच्चे, किसी के लिए भी हर दिन एक सा नाश्ता करना बोरिंग होता है। ऐसे में बड़े फिर भी मान जाते हैं पर बच्चे कुछ चीजों को खाने से मना कर देते हैं। ऐसे में जरूरी ये है कि आप अगर किसी एक चीज से नाश्ता बना रहे हैं तो, उसकी अलग-अलग रसिपी ट्राई करें। जैसे कि अगर आप नाश्ते के लिए ओट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो हर दिन बच्चों को ओट्स की अलग-अलग रेसिपी दें। इससे आपके बच्चे बोर भी नहीं होंगे और खाने को खुशी के साथ खाएंगे भी।



## साबुदाना वडा

साबुदाने का वडा खाने में बहुत टेस्टी होता है और बच्चे इसे बड़ी खुशी से खा सकते हैं। इसकी खास बात ये होती है कि इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है जो कि पेट के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा आप वडा में सब्जियों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे कि आप इसमें पत्ता गोभी, शिमल, टमाटर, गाजर और मटर जैसी सब्जियों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो कि बच्चों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। अगर आप उन्हें ये सब्जियां अलग से देंगे तो वे इसी नहीं खाएंगे पर आप उन्हें साबुदाना वडा में पाव के अंदर डाल कर देंगे तो वे इससे खुशी-खुशी खा लेंगे।

## साबुदाने की खीर

बच्चों को मीठा खाना बहुत पसंद होता है। ऐसे में आप उन्हें साबुदाने का खीर खिला सकते हैं। साबुदाने की खीर की खास बात ये होती है कि ये आसानी से बन जाता है और ये खाने में भी टेस्टी होता है। साबुदाने की खीर में फाइबर और प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती। साथ ही ये आपके शरीर का वजन भी तेजी से बढ़ाता है। साबूदाने में थोड़ी मात्रा में प्रोटीन होता है, जो कि बच्चों के विकास में भी मददगार है। इसके अलावा साबूदाना में कैल्शियम होता है जो कि बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाता है और शरीर को ताकत देता है।

## साबुदाने की खिचड़ी

साबुदाने की खिचड़ी खाने में बहुत टेस्टी होता है। इसे अलग-अलग प्रांत में लोग अलग-अलग प्रकार से बनाते हैं। साबुदाने की खिचड़ी में आप कई प्रकार की सब्जियों और मसालों का प्रयोग कर सकते हैं। इससे ये काफी टेस्टी हो जाता है और बच्चे इसे खुशी से खाते हैं। साबूदाना स्टार्च और सिंपल शुगर से भरा होता है जो शरीर में आसानी से चयापचय हो जाता है, जिससे ऊर्जा की जरूरते पूरी हो जाती हैं।

## साबूदाना सीक कबाब

साबूदाना सीक कबाब खाने में बहुत टेस्टी होता है। इस रेसिपी में मैश किए हुए आलू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप साबूदाने के साथ भुनी हुई मूंगफली, दही, लाल मिर्च, धनिया पत्ती, राजगिरा का आटा, नमक आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। फिर इस कबाब को ग्रिल करके बच्चों को खिलाएं। साबूदाना कुछ प्रमुख अमीनो एसिड से बना होता है, जो बच्चों के बाल और स्किन को हेल्दी रखता है।

## साबूदाने की टिक्की

साबूदाने की टिक्की को आपके बच्चे बेहतरीन स्नैक्स की तरह खा सकते हैं। आपके बच्चे इसे खुशी-खुशी खाएंगे। इसे हेल्दी बनाने के लिए आप अलग-अलग प्रकार के सब्जियों को काट कर मिला सकते हैं और अलग-अलग रेसिपी से बना कर खा सकते हैं।

# साबुत अनाज, फल और सब्जी वाली ये डाइट है सेहत के लिए बहुत फायदेमंद



आपने कई बार संपूर्ण आहार डाइट प्लान के बारे में सुना होगा कि लोग अच्छे स्वास्थ्य के लिए इसे अपने खाने में शामिल करते है। संपूर्ण आहार में आप प्रोसेस्ड फूड की जगह प्राकृतिक उत्पादों का अधिक सेवन करते है। इसमें पैकेटबंद सामान की जगह साबुत अनाज खाने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही इसमें विटामिन युक्त फल, सब्जियां और बीन्स का सेवन करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज का सेवन करते है, तो अतिरिक्त वसायुक्त चिकन की जगह स्किनलेस चिकन खाना फायदेमंद होता है। आलू चिप्स की जगह घर में बना हुआ प्याज और हल्का खट्टा क्रीम आप खा सकते है। इसके अलावा आप आइसक्रीम की जगह ब्लूबेरी, दही और केले का सेवन कर सकते है। इस प्रकार आप अपने डाइट से प्रोसेस्ड फूड और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों को अलग कर सकते है। इसकी मदद से आप कई बीमारियों से दूर रहते है। साथ ही आपके शरीर को संपूर्ण पोषण भी मिलता है।

**फाइटोकेमिकल्स :** फाइटोकेमिकल्स फलों और हरी सब्जियों में प्रचुर मात्रा में पाए जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और विटामिन्स पाए जाते है, जिसकी मदद से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और आप स्वस्थ रहते है। जैसे आप संपूर्ण खाद्य पदार्थ में सब्जियों में टमाटर, ब्रोकली, पालक और गोभी शामिल कर सकते है। वहीं फल में अंगूर, केला, आम और चुकंदर खा सकते है।

**पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ :** पोषण के लिए आपको अपने खाने में साबुत अनाज और दाल को भी शामिल करना चाहिए। इससे आपको फाइबर, पोटैशियम, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन ए और सी मिल सकते है, जिससे कई क्रोनिक बीमारियों के लक्षण को कम करने में सहायता मिलती है। जैसे हृदय रोग, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या कम होती है। पाचन संबंधी परेशानियां भी नहीं होती है।

**गुड फैट :** अपने भोजन में ट्रांस वसा या संतृप्त वसा का सेवन न करें और न ही फास्ट फूड का इस्तेमाल करें। इसके बजाय आप संपूर्ण खाद्य पदार्थ में आप गुड फैट जैसे मछली और पौधों से मोनोअनसैचुरेटेड वसा का सेवन करने का प्रयास करें। मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**मीठी और नमक को कम करे :** कई लोगों को मीठा खाना बेहद पसंद होता है लेकिन खाने में अतिरिक्त चीनी या नमक की जगह नैचुरल मिठास वाली चीजों को खाने की प्रयास करें। इससे खून में शुगर लेवल कंट्रोल रहता है और किसी तरह की समस्या भी नहीं होती है। खाने में सोडियम की मात्रा भी कम रखें। इसके अलावा अगर आप ज्यादा नमक का सेवन करते है, तो इसे कम करने के दौरान सेंधा नमक का इस्तेमाल भी कर सकते है।

**साबुत अनाज :** साबुत अनाज आपके शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर, विटामिन, खनिज और फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं। इससे टाइप 2 डायबिटीज, कोलेस्ट्रोल और हृदय संबंधी रोगों का खतरा कम होता है। साबुत अनाज वाले खाद्य पदार्थों से खून में शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है। इंसुलिन का उत्पादन में भी ये मदद करता है।

## ऐसे करें डाइट प्लान

- संपूर्ण आहार डाइट प्लान में आप नाश्ते में फ्रूट सलाद में क्विनोआ, जामुन और बादाम शामिल कर सकते है। इसके अलावा दोपहर के खाने में चिकन सलाद, एक रोटी और हरी सब्जी खा सकते है। आप चाहे तो दही या रायता भी खा सकते है। रात को आप करी दाल का सेवन कर सकते है।
- इसके अलावा अन्य डाइट चार्ट में आप नाश्ते में कोई फल, ओटमील और स्मूदी पी सकते है। दोपहर के खाने में चुकंदर और गाजर का सलाद, बाजरे की रोटी और सब्जी खा सकते है। रात के खाने में आप ब्राउन राइस और मछली करी खा सकते है।
- तीसरे दिन आप नाश्ते में आमलेट और फलों की स्मूदी का सेवन कर सकते है। लंच में राइस, दाल और सब्जी का सेवन करें और रात के खाने में जैतून तेल में पके स्प्रिंग सलाद का सेवन कर सकते है।

# डायबिटीज के मरीज सुबह सबसे पहले पिएं दालचीनी की चाय फास्टिंग ब्लड शुगर को कम करने समेत मिलते हैं ये फायदे

डायबिटीज के मरीजों के लिए लाइफस्टाइल को सही रखना बेहद जरूरी है। ऐसा इसलिए कि थोड़ी सी लापरवाही भी आपके आपको ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकती है। ऐसे में कुछ लोगों का फास्टिंग ब्लड शुगर हमेशा बढ़ा रहता है जो कि चिंता का कारण बनता है। ऐसे में दालचीनी की चाय इंसुलिन के प्रोडक्शन को तेज करने और ब्लड शुगर पचाने में तेजी से मदद करती है। इसके अलावा ये डायबिटीज के मरीजों के लिए अन्य तरीकों से भी फायदेमंद है। जैसे कि ये पेट के लिए फायदेमंद है और खाने के बाद भी शुगर कंट्रोल करता है इत्यादि। साथ ही दालचीनी की चाय मूड फ्रेश करने का भी काम करती है।



**फास्टिंग ब्लड शुगर को कम करती है :**

दालचीनी की चाय को लेकर एक शोध बताता है कि दालचीनी, पॉलीफेनोलिक्स का एक समृद्ध स्रोत है जिसका उपयोग सदियों से डायबिटीज की बीमारी को सही करने के लिए किया जाता है। ये ब्लड शुगर और इंसुलिन सिग्नलिंग को प्रभावित करता है। दरअसल, दालचीनी के अर्क के सेवन के टाइप 2 मधुमेह या प्रीडायबिटीज वाले लोगों में फास्टिंग ब्लड शुगर कम हुआ। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को सुबह सबसे पहले इसका सेवन करना चाहिए।

**इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ाती है :** डायबिटीज में दालचीनी की चाय इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ावा देता है। दरअसल, यह इंसुलिन की नकल कर सकता है और इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ा सकता है और डायबिटीज में पेनक्रियाज सही तरीके से इंसुलिन का प्रोडक्शन नहीं कर पाती है जिससी वजह से ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। दालचीनी इंसुलिन के प्रभावों की नकल करके शुगर पचाने में मदद करती है जिससे ब्लड शुगर लेवल अपने आप कम होने लगता है।

**भोजन के बाद ब्लड शुगर को कम करती है :** दालचीनी की चाय खाने के बाद के ब्लड शुगर लेवल को भी कम करने में मदद करता है। दालचीनी की चाय ब्लड शुगर स्पाइक्स को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकती है। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि यह आपके पेट से भोजन के खाली होने की स्पीड को धीमा करके ऐसा करती है। साथ ही कुछ अध्ययन ये भी बताते हैं कि छोटी आंत में कार्बोस को तोड़ने वाले पाचन एंजाइमों को अवरुद्ध करके भोजन के बाद ब्लड शुगर को कम कर सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करती है :** दालचीनी की चाय कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार है। दालचीनी में हृदय को स्वस्थ रखने वाले यौगिक होते हैं, जो सूजन को कम कर सकते हैं और एचडीएल यानी कि गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकते हैं। यह आपके ब्लड प्रेशर, ट्राइग्लिसराइड और एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम कर सकता है।

**एंटीऑक्सेंड से भरपूर है :** दालचीनी की चाय एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है जो कि फ्री रेडिकल्स को कम करने में मददगार है। दालचीनी की चाय आपके शरीर की मुक्त कणों से लड़ने की क्षमता को बढ़ा सकती है और आपको स्वस्थ रख सकती है जिससे आप कई बीमारियों से बचे रह सकते हैं। साथ ही दालचीनी की चाय

## दालचीनी की चाय कैसे बनाएं

- एक पैन में 2 कम पानी डालें।
- अब इसमें 1 दालचीनी स्टिक डालें या फिर दालचीनी को कूट कर डालें।
- अब एक चुटकी अजवाइन और काला नमक डालें।
- अब इस 10 मिनट तक उबलने दें।

# खुद को फिट रखने के लिए दौड़ना किया है शुरू, तो इन बातों का रखें ध्यान

आज के समय में लोग खुद को चुस्त व तंदुरूस्त रखने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है रनिंग करना। रनिंग आपके वजन को नियंत्रण में बॉडी का स्टेमिना बढ़ाती है। यह आपको पूरा दिन एक्टिव व चार्ज फील करवाती है। कुछ लोग तो अपने दिन की शुरूआत में दौड़ना बेहद पसंद करते हैं। लेकिन अगर आपने अभी-अभी दौड़ना शुरू किया है तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। दरअसल, कुछ लोग एक्साइटमेंट में रनिंग तो करते हैं, लेकिन कभी-कभी उन्हें चोट लग जाती है या फिर पैरों में दर्द शुरू हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आप सही तरह से रनिंग नहीं करते।

**जरूर करें वार्मअप :** कुछ लोग पार्क में जाकर या फिर ट्रेडमील पर चढ़कर सीधे ही दौड़ना शुरू कर देते हैं। जबकि आपको वास्तव में ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। अन्य वर्कआउट की तरह ही यह भी एक बॉडी एक्सरसाइज है। इसलिए, पहले वार्मअप अवश्य करें। शुरूआत चहलकदमी से करें और फिर धीरे-धीरे अपनी स्पीड बढ़ाएं। एकदम से रनिंग करने से आपको पैरों में क्रैम्प होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

**बहुत अधिक रनिंग नहीं :** यह टिप बिगनर को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए। जब लोग रनिंग शुरू करते हैं तो अति उत्साह में आकर वह पहले दिन ही बहुत अधिक रनिंग करना शुरू कर देते हैं। लेकिन यहां आपको यह समझना चाहिए कि बॉडी के स्टेमिना को बूस्ट अप करने में समय लगता है। इसलिए, अगर आप अपने शरीर को बहुत ज्यादा जोर देंगे तो इससे ना केवल आपको दर्द होगा, बल्कि खिंचाव भी हो सकता है। बेहतर होगा कि आप शुरूआत में छोटे गोल्स सेट करें और फिर धीरे-धीरे समय बढ़ाते जाएं।

## जरूर पहनें रनिंग शूज

यह एक बेहद ही महत्वपूर्ण टिप है, जिसे बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। अगर आप नियमित रूप से रनिंग करने का मन बना रहे हैं तो केवल रनिंग शूज पहनकर ही दौड़ों। यह ना केवल आपकी एड़ी और घुटनों को प्रोटेक्ट करते है, बल्कि जब आप इन्हें पहनकर रनिंग करते हैं तो इससे पैरों के दर्द में भी बेहद राहत मिलती है। रनिंग शूज में दौड़ना बेहद ही आरामदायक होता है और यह आपके रनिंग सेशन के अनुभव को बेहतर बनाते हैं।

# झुंझुनू को जंक्शन का हक : आज से आर-पार का आंदोलन
## सैनिक- शहीद राष्ट्र सेवा की धरती रेल सुविधाओं से वंचित क्यों...?

बाबूलाल शर्मा





**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी की वर्षों पुरानी रेल उपेक्षा के खिलाफ अब केवल मांग नहीं, बल्कि सीधा सवाल और निर्णायक संघर्ष खड़ा होने जा रहा है। झुंझुनू रेलवे स्टेशन को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग को लेकर शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति आज नववर्ष से जन आंदोलन की शुरुआत करेगी। यह आंदोलन कोई नई मांग नहीं बल्कि उसी ऐतिहासिक जन संघर्ष की अगली कड़ी है, जिसने शेखावाटी को मीटर गेज से ब्रॉड गेज तक पहुंचाया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शेखावाटी को ब्रॉड गेज की सुविधा किसी सरकारी कृपा से नहीं मिली। इसके लिए वर्षों तक रेल मंत्रालय के चक्कर लगाए गए, रेल मंत्रियों से मुलाकातें हुई, केंद्रीय मंत्रियों के झुंझुनू आगमन पर घेराव किए गए, हस्ताक्षर अभियान चलाए गए, ज्ञापन सौंपे गए, खून से चिट्ठियां लिखी गई और हर स्तर पर जन दबाव बनाया गया। तब जाकर मीटर गेज की जंजीर टूटी और शेखावाटी को ब्रॉड गेज मिला। यह उपलब्धि पूरी तरह से शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति की देन है। अग्रवाल ने कहा कि अब उसी संघर्ष की ताकत से झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाना अगला लक्ष्य है।

### राजस्व देने में अव्वल, जंक्शन हाशिये पर ?

अग्रवाल ने सवाल उठाया कि देश के विकास में बड़ा राजस्व देने वाले बिड़ला, सिंघानिया, मोदी, मित्तल, तोदी, डालमिया, गोयनका, पोद्दार, पीरामल और खेतान जैसे देश के बड़े औद्योगिक घरानों की जन्मभूमि होने के बावजूद झुंझुनू को आज भी मजबूत रेल नेटवर्क से वंचित क्यों रखा गया है। उन्होंने कहा कि झुंझुनू में पिलानी और बगड़ जैसी अंतर्राष्ट्रीय पहचान वाली शिक्षा नगरियां मंडावा-नवलगढ़ जैसी विश्व प्रसिद्ध हेरिटेज सिटी, खेतड़ी की एशिया की सबसे बड़ी तांबा खदान तथा खाटूश्यामजी, सालासर, लोहार्गल और शाकम्भरी जैसे विश्वविख्यात धार्मिक स्थल मौजूद हैं। इसके बावजूद झुंझुनू का रेल मानचित्र पर हाशिये पर होना सुनियोजित उपेक्षा और नीतिगत विफलता को दर्शाता है।

### सैनिकों के जिले से दोयम दर्जे का व्यवहार

संघर्ष समिति का आरोप है कि झुंझुनू में संसाधन, सामर्थ्य और संभावनाएं सब कुछ होते हुए भी विकास को जानबूझकर रोका गया और रेल मंत्रालय द्वारा जिले के साथ लगातार दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है। अग्रवाल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदर्भ लेते हुए तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री देश में वंदे भारत, सुपरफास्ट एक्सप्रेस और बुलेट ट्रेन जैसी आधुनिक रेल सेवाओं की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देश को सबसे ज्यादा शहीद और सबसे ज्यादा सैनिक देने वाला झुंझुनू जिला आज भी बुनियादी रेल सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है।

### सैनिकों का आत्मविश्वास कैसे कायम रहेगा ?

अग्रवाल ने सवाल किया कि जब सीमाओं पर तैनात जवानों और शहीद परिवारों को अपने ही जिले में आने-जाने के लिए बेहतर रेल सुविधा नहीं मिलेगी, तो सेना के जवानों का मनोबल, उत्साह और आत्मविश्वास कैसे कायम रहेगा ? यह प्रश्न केवल झुंझुनू का नहीं बल्कि राष्ट्रीय सम्मान और संवेदनशीलता से जुड़ा हुआ है। संघर्ष समिति अध्यक्ष ने कहा कि झुंझुनू पूरे देश में सैनिकों का जिला माना जाता है। परमवीर चक्र विजेता शहीद मेजर पीरू सिंह जैसे वीर सपूतों की धरती की इस तरह की रेल उपेक्षा केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का अपमान है।

### संघर्ष जारी रहेगा : अग्रवाल (फोटो-54)

संघर्ष समिति को बीते डेढ़ माह से सोशल मीडिया के माध्यम से चलाए गए जनजागरण अभियान को ऐतिहासिक समर्थन मिला है। अनुमान के अनुसार 3.5 लाख से अधिक लोग इस आंदोलन से जुड़ चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में प्रवासी शेखावाटीवासी और सैनिक परिवार शामिल हैं। जंक्शन बनाने कि मांग न्यायोचित है, संघर्ष किया है, जारी रहेगा। प्रदीप अग्रवाल, अध्यक्ष शेखावाटी रेल विकास समिति।

## प्रशिक्षित महिलाओं को दिए प्रमाण-पत्र



निसं

**तारानगर ( नवययत्न )।** एमएसएमई विभाग भारत सरकार की ओर से नगरपालिका तारानगर में आयोजित स्वंय सहायता समूह.प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश जांगिड ने प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। जांगिड ने कहा कि स्वंय सहायता समूह द्वारा किया गया यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से निश्चित तौर पर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और समाज में अपनी नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास व आर्थिक स्वावलंबन का परिचय देकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी पूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी अजय प्रताप सिंह, शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, पार्षद शिवकुमार शर्मा, प्रशिक्षक जगदीश प्रसाद, आराधना शर्मा, एसएचजी समन्वयक कविता शर्मा, लालचंद रैगर, नरेश झाझड़िया सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।

## नए साल पर तोहफा : 44 पुलिस निरीक्षकों को मिला आरपीएस कैडर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार ने राजस्थान पुलिस के 44 पुलिस निरीक्षकों को नए साल पर तोहफा देते हुए उन्हें आरपीएस अधिकारी के रूप में पदोन्नति किया है। सरकार की विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश के आधार पर गृह (ग्रुप-1) विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इसमें जयपुर ग्रामीण के चौमू थाने के थानाधिकारी प्रदीप शर्मा का भी नाम शामिल है। थानाधिकारी प्रदीप शर्मा हाल ही में चौमू में मस्जिद के बाहर पत्थरबाजी मामले को लेकर चर्चा में आए थे। उनको लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा था कि प्रदीप शर्मा चुनाव लड़ने की फिराक में हैं। प्रदीप शर्मा अब आरपीएस रैंक के अधिकारी बन गए हैं। गृह (ग्रुप-1) विभाग के संयुक्त सचिव आनंदीलाल वैष्णव की ओर से बुधवार को जारी आदेश के अनुसार पुलिस निरीक्षक देवेंद्र प्रताप वर्मा, मदनलाल, राजेंद्र बाफना, अचलदान रतू, पुरुषोत्तम महरिया, बनवारी लाल मीणा, बाबूलाल मीणा, रामनिवास मीणा, अजयकांत रतूड़ी और रविंद्र कुमार को आरपीएस अधिकारी के पद पर पदोन्नति मिली है। इसी प्रकार पुलिस निरीक्षक मुकेश शर्मा, धर्मेंद्र पेवा, बाबूलाल चौधरी, सरोज धायल, शिखा विश्नोई, बुद्धाराम, छत्तर सिंह, देरावर सिंह, राजेंद्र कुमार शर्मा, राजेश यादव, राजकुमार टेलर, निशा भटनागर, घनश्याम शर्मा, लक्ष्मीनारायण, दिनेश कुमार, निरंजन प्रताप सिंह, श्याम सिंह रतू, महावीर सिंह यादव, वीरेंद्र कुमार, रणजीत सिंह, अशोक चौधरी, रविंद्र प्रताप, मांगीलाल विश्नोई, नरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार शर्मा, राजीव भादू, नरपत सिंह, लक्ष्मण राम विश्नोई, आनंद कुमार, दुर्गाप्रसाद दाधीच, नवनीत बिहारी व्यास, परवेज आलम सैयद, अनिल कुमार मूंड और लाखन सिंह खटाना को आरपीएस के पद पर पदोन्नति दी गई है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत पदोन्नत सभी इंस्पेक्टर अग्रिम आदेश तक वर्तमान पद पर काम करते रहेंगे। गौरतलब है कि विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 2 दिसंबर 2025 को हुई थी और इस समिति की अनुशंसा पर गृह विभाग ने आदेश जारी कर इन अधिकारियों को पदोन्नत किया गया।

## अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए बैठक आयोजित

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर जिले के नीमकाथाना और पाटन क्षेत्रों में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए उपखंड अधिकारी एसडीएम राजवीर यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया, जहां अवैध खनन रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने और संयुक्त टीमें गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने बताया कि गठित की गई संयुक्त टीमों को कार्रवाई के लिए लक्ष्य दिए गए हैं। माइनिंग विभाग के साथ राजस्व, वन, परिवहन और पुलिस अधिकारी संभावित अवैध खनन स्थलों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे। माइनिंग अधिकारी अवैध खनन वाले क्षेत्रों की पहचान करेंगे, जिसके बाद सभी विभागों द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। बैठक में नीमकाथाना तहसीलदार अभिषेक सिंह, नायब तहसीलदार देवीलाल, डाबला पुलिस थाना के एएसआई ब्रह्मप्रकाश, जयपाल सिंह, राकेश कुमार, परिवहन निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, पाटन एसएचओ रमेशचंद्र, एएमई अशोक वर्मा और एसआई देवेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## माघ मेले में तीन जनवरी को होगा गोविंद धाम शिविर का शुभारम्भ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** तीर्थराज प्रयाग की पावन धरा पर आयोजित होने वाले माघ मेले में छोटी काशी के आराध्य देव के नाम से गोविंद धाम शिविर लगाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ 3 जनवरी से होगा और यह एक माह तक संचालित रहेगा। इसी क्रम में बुधवार को गोविंद धाम से संत-महंतों के सानिध्य में पूजा-अर्चना कर खाद्य सामग्री प्रयागराज के लिए रवाना की गई। मंदिर सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि यह शिविर सेक्टर-6, तुलसी मार्ग, नागवासुकी के सामने संगम क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोक कल्याण, सनातन संस्कृति का संरक्षण तथा जनमानस को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि शिविर में एक माह तक नियमित धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, कथा-प्रवचन एवं सेवा कार्य संपन्न किए जाएंगे। गंगा-यमुना के पावन संगम तट पर आयोजित इस शिविर में देशभर से श्रद्धालु एवं साधक भाग लेंगे। नववर्ष के उपलक्ष में शिविर में पधारने वाले श्रद्धालुओं को गोविंद धाम का कैलेंडर प्रसाद स्वरूप भेंट किया जाएगा।

## ऋतिका चौधरी ने जीता मिस उर्वशी-4 का खिताब



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में एलीट प्रोडक्शन हाउस की ओर से नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट ष्मिस उर्वशी-सीजन 4 के ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आई प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व से मंच को जीवंत कर दिया। आयोजक विरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस नेशनल लेवल प्रतियोगिता में पूरे भारत से कुल 36 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने भाग लिया। फिनाले के दौरान प्रतिभागियों के लिए 4 फैशन सीक्वेंस राउंड्स आयोजित किए गए, जिनमें फैशन डिजाइनर सत्यम और ड्रीम जोन द्वारा डिजाइन किए गए आकर्षक परिधानों में मॉडल्स ने रैंप वॉक कर दर्शकों और जूरी का दिल जीता। शो की विजेता को 5 लाख रुपये का कैश प्राइज और सीधे बॉलीवुड फिल्म में काम करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जो इस प्रतियोगिता को अन्य ब्यूटी पेजेंट्स से अलग और खास बनाता है। कार्यक्रम की जूरी में मिस उर्वशी 2024 की विजेता आंचल सैनी, 2024 की सेकंड रनर-अप ममता खींची और शो डायरेक्टर रचना चौधरी शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों के टैलेंट, ग्रेस और ओवरऑल पर्सनैलिटी के आधार पर निर्णयन किया। इस पेजेंट में ऋतिका चौधरी ने विनर, ज्योत्सना चौधरी फर्स्ट रनरअप, रुति सैनी सेकंड रनर-अप, उत्कर्षा बिजेता थर्ड रनर-अप और प्रार्थना अहीर फोर्थ रनर-अप का खिताब जीता। वहीं वैदेही राय ने मिस उर्वशी इंटरनेशनल और नीतू ने मिस उर्वशी राजस्थान का टाइटल अपने नाम किया। इस फिनाले में झुंझुनू की ऋतिका चौधरी रही। वहीं फर्स्ट रनर-अप सीकर की ज्योत्सना चौधरी, रुड़की उत्तराखंड की श्रुति सैनी सेकंड रनर-अप रही। इसके अलावा थर्ड रनर-अप जयपुर उत्कर्षा बिजेता, फोर्थ रनर-अप रायपुर की प्रार्थना अहीर, वैदेही राय मुंबई की मिस उर्वशी इंटरनेशनल बनी और सीकर की नीतू मिस उर्वशी राजस्थान बनी।

## 15 तक ऑनलाईन भरें राज्य बीमा पॉलिसियों के स्वत्व प्रपत्र

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत होने वाले राज्यकर्मियों के हित में राज्य बीमा पॉलिसियों के भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक जिनकी जन्म दिनांक 01 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 है उनकी राज्य बीमा पॉलिसी आगामी 01 अप्रैल 2026 को परिपक्व होगी। उन्होंने बताया कि दावों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों को अपनी अंतिम प्रीमियम कटौती दिसम्बर 2025 के वेतन तक करवानी होगी। इसके पश्चात परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर 01 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक आवश्यक रूप से दावा ऑनलाईन सबमिट करना होगा। समय पर आवेदन मिलने पर दावा राशि सीधे कार्मिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि दावा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय कार्मिकों को परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र के साथ बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल बीमा पॉलिसी, पदस्थापन विवरण, परिशिष्ट क एवं आईएफएमएस/पे मैनेजर वाली बैंक पास बुक या निरस्त चैक की प्रति आवश्यक रूप से अपलोड करनी होगी।

सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों व पॉलिसी विस्तार के लिए विशेष प्रावधान विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि राज्य सरकार के जिन चिकित्सा अधिकारियों की सेवानिवृति आयु 60 से बढ़ाकर 62 अथवा 65 वर्ष कर दी गई है उनकी पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वत: ही तदनुसार परिवर्तित हो जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि कोई बीमेदार बीमा नियम, 1998 के नियम 39/2 (1) के तहत अपनी पॉलिसी को एक वर्ष निरंतर जारी रखना चाहता है तो उसे अपनी एसएसओ आईडी पर एक्सटेन्डेड पॉलिसी विकल्प सबमिट करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी के माध्यम से विकल्प पत्र भरकर बीमा विभाग में भिजवाना होगा।

## प्लास्टिक बोतलों में पेट्रोल बेचते पकड़ा दुकानदार

निसं




**सरदारशहर ( नवययत्न )।** अवैध रूप से पेट्रोल की बिक्री की सूचना मिलने पर जिला रसद अधिकारी चूरू अंशु तिवाड़ी के नेतृत्व में संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई की गई। संयुक्त दल को सूचना मिली थी कि सरदारशहर सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित एक किराना दुकान पर पेट्रोल को प्लास्टिक की बोतलों में भरकर बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम भव्य जनरल स्टोर पर मौके पर पहुंची, जहां दुकानदार दिलीप कुमार निवासी वार्ड संख्या 47 सरदारशहर उपस्थित मिला। जांच के दौरान दुकान से प्लास्टिक की 20 बोतलों में भरा हुआ कुल 20 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया। प्रत्येक बोतल की क्षमता एक लीटर पाई गई।

पूछताछ में दुकानदार दिलीप कुमार ने स्वीकार किया कि वह उक्त पेट्रोल, पेट्रोल पंप से खरीदकर लाता था और प्रति बोतल 10 रुपये लाभ लेकर दुपहिया वाहन चालकों को बेचता था। संयुक्त जांच दल द्वारा मौके पर पाए गए 20 लीटर पेट्रोल को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानदार दिलीप कुमार को भविष्य में पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। कार्रवाई में प्रवर्तन निरीक्षक सम्पत कुमार एवं सीमा जूनवाल शामिल रहे। नियमानुसार ज्वलनशील पेट्रोल, डीजल की बोतल या केन में बिक्री अवैध है। बावजूद इसके पेट्रोल पंप संचालक अधिक बिक्री के चक्कर में ग्रामीणों व दुकानदारों को बोतलों के साथ केन में भर कर पेट्रोल, डीजल बेच देते हैं । यही पेट्रोल शहर के साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम बेचा जाता हैं। लेकिन इस ओर भी जिम्मेदार महकमा ध्यान नहीं दे रहा है। इससे कारोबारियों को कोई डर नहीं है।

**केरोसिन और थिनर की करते हैं पेट्रोल में मिलावट**-ज्वलनशील पेट्रोल, डीजल की बोतल या केन में बिक्री गैरकानूनी तो है ही मिलावट का भी धंधा खूब फल फुल रहा है। छोटी सी लापरवाही या किसी की बदमाशी तबाही मचा सकती है। अवैध रूप से पेट्रोल बेचने वाले ये लोग विभिन्न पंपों से बड़े जरीकेन में पेट्रोल खरीद कर लाते हैं। फिर इसमें सॉल्वेंट, थिनर और केरोसिन तेल आदि मिलाकर बेचते हैं। इसके प्रयोग से वाहन के इंजन को भी नुकसान होता है।

## भागवत कथा में सुनाये अनेक प्रसंग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नलिया बास में सार्वजनिक सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ पर विराजमान पंडित भवानी शंकर पारीक ने कहा कि मल मास महीने मे धार्मिक कार्य करने का बहुत बड़ा पुण्य बताया है। कथा में ध्रुव चरित्र, राजा परीक्षित और कलयुग के प्रसंग सुनाये। पंडित चंद्र प्रकाश ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई। समिति के सदस्य ईश्वर चंदोलिया, बाबूलाल यादव, डालम चंद तंवर, गोरधन टाक, धर्मवीर स्वामी, निर्मल तंवर, अनिल पंवार, रोहित टाक, अनिल स्वामी आदि ने व्यवस्था संभाली। संचालन संदीप जोशी ने किया।



## घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन हटाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बबाई में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन हटाने को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पावर हाउस पर धरना देकर बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि बबाई गांव में घरों के ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। बिजली लाइन को उंचा करने के लिए ग्रामीणों की ओर से विभाग को पूर्व में कई बार अवगत करवाया गया लेकिन लटकते बिजली के तारों को ठीक करने को लेकर विभाग के कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए। बिजली के तार लटके होने के कारण हादसा होने का अंदेशा बना हुआ था। अगस्त माह में छत पर कपड़े सुखाने गई युवती करंट की चपेट में आ गई थी जिससे उसकी करंट लगने से मौत हो गई थी।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा शव रखकर प्रदर्शन करने पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने एक माह में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन हटाने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद भी विभाग ने आज तक बिजली की लाइन को नहीं हटाया गया। ग्रामीणों ने विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर से मिलकर समस्या से अवगत करवाया गया था। जिस पर विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि आमजन की समस्यायों को देखते हुए व आए दिन होने वाले हादसों को रोकने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान करने पर विचार विमर्श किया था तथा 6.45 लाख रुपए स्वीकृत कर जल्द बिजली की लाइन हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद भी बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द बिजली लाइन को नहीं हटाया गया तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुनील नायक, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी, विष्णु नायक, दिनेश कुमार, टींकू गुर्जर, विकास, सफीक कुरैशी, इमरान कुरैशी, मोहित सेन, गोपाल, लक्षित भार्गव, शोयब कुरैशी, इंसाफ कुरैशी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने किया दौरा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर में आयुर्वेद विभाग राजस्थान सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी सुबीर कुमार ने बुधवार को एकदिवसीय दौरा किया। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने संस्थान द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रिंसिपल सेक्रेटरी को संस्थान के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। प्रिंसिपल सेक्रेटरी सुबीर कुमार ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में स्थापित अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं तकनीकों की सराहना करते हुए कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में चिकित्सा और शिक्षा का यह संस्थान देशभर में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की ओर से संस्थान के विस्तार के लिए जयपुर में शीघ्र ही भूमि उपलब्ध कराने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक आमजन को आधुनिक तकनीक के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ मिल सके। एक दिवसीय दौरे के दौरान सुबीर कुमार ने संस्थान की ओपीडी, क्रिया शरीर विभाग में स्थापित एडवांस ह्यूमन फिजियोलॉजी लैब, सिम्युलेशन लैब, एनाटॉमी विभाग, फार्मेसी विभाग, एनिमल हाउस, ड्रग लैब सहित अन्य विभागों की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निदेशक जेपी शर्मा, उपनिदेशक चन्द्रशेखर शर्मा, डॉ नरिंदर सिंह एवं वरिष्ठ सलाहकार एनएन कुटी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190